CMYK

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 19°C
सेंसेक्स 75,157.26
निफ्टी 22,828.55
सोना 92,565
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 12 अप्रैल 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 137 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### अब चीन ने अमेरिका पर लगाया 125 प्रतिशत टैरिफ

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### पिच के मिजाज को पढ़कर खेली बड़ी पारी: केएल राहुल

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पश्चिम बंगाल दहला वक्फ हिंसा से, तीन की मौत



**पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन हिंसक हुआ, प्रदर्शनकारियों ने बसें जलाईं, रेल ट्रैक जाम किया**

**विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर में वक्फ बचाव अभियान किया शुरू**

**नई दिल्ली।** नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शुक्रवार से देशभर में वक्फ बचाव अभियान शुरू किया। जिसके चलते देशभर में मुसलमान सड़कों पर उतर आए। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बसें जलाईं।

पथराव किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तीन लोगों की गोली लगने से मौत भी हुई है। हालात काबू में करने के लिए बीएसएफ तैनात की गई है। फिलहाल इलाके में सड़क और रेल यातायात, इंटरनेट बंद कर दिया गया है। शमसेरगंज के सुतिर साजुर मोड़ पर एनएच जाम किया गया। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। डायमंड हार्बर के अमतला चौरास्ता में भी प्रदर्शन कर रही भीड़ ने दिनदहाड़े एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की। जिसमें 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। वेस्टर्न रेलवे ने भी बयान जारी किया है कि अजीमगंज-न्यू फरक्का सेक्शन में दोपहर 2.46 बजे लगभग 5000 लोगों की भीड़ ने धुलियान गंगा स्टेशन के पास ट्रैक जाम कर दिया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वक्फ बचाव अभियान का पहला फेज सात जुलाई तक 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में एक करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी। लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने सभी धार्मिक और -शेष पृष्ठ दो पर

## तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक को भाजपा ने ओढ़ाया भगवा चोला

**2026 में एक साथ लड़ेंगे विधानसभा चुनाव**

**चेन्नई।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में एआईएडीएमके के साथ गठबंधन का ऐलान किया। उन्होंने कहा 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पादी पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद तय किया जाएगा। शाह ने कहा कि गठबंधन को लेकर एआईएडीएमके की कोई डिमांड या मांग नहीं है। पार्टी का एनडीए में शामिल होना दोनों के लिए ही बहुत उपयोगी है।

अगला चुनाव डीएमके सरकार के भ्रष्टाचार, दलितों पर, महिलाओं पर अत्याचार के आधार लड़ा जाएगा। लोग डीएमके से घोटालों पर जवाब मांग रहे हैं, चुनाव में इन मुद्दों पर वोट देंगे। सितम्बर 2023 में तत्कालीन तमिलनाडु प्रमुख अन्नामलाई की गई कुछ टिप्पणियों के कारण अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) एनडीए से अलग हो गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि कुछ मुद्दों पर एआईएडीएमके के अलग-अलग रुख हैं। लेकिन इस पर हम बैठकर चर्चा करेंगे, जरूरत पड़ी तो सीएमपी (कॉमन मिनिमम प्रोग्राम) भी होगा। इधर, शुक्रवार को ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी सामने आ गया। तिरुनेलवेली से भाजपा विधायक नैनार नागेन्द्रन भाजपा के अगले प्रदेश अध्यक्ष बन सकते हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन शाह के एक एक्स पोस्ट के मुताबिक नैनार का नाम वर्तमान पार्टी प्रमुख के अन्नामलाई ने प्रस्तावित किया था।

### लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आठ से दस अप्रैल के बीच किए गए इन परीक्षणों के दौरान ग्लाइड बम को विभिन्न वारहेड विन्यासों में कई स्टेशनों में एकीकृत किया गया था। ये परीक्षण करीब 100 किलोमीटर की रेंज में पूरी सटीकता के साथ सफलतापूर्वक पूरे किए गए। 'गौरव' 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

### तुलसी गबार्ड के वीडियो से ईवीएम फिर चर्चा में

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली को लेकर अमेरिका के संघीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड के एक ताजा वीडियो क्लिप से ईवीएम की विश्वसनीयता पर छिड़ी बहस के बीच भारत के चुनाव आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत की वोटिंग मशीनें अभेद्य हैं। सुश्री गबार्ड ने वीडियो में कहा है कि उनके विभाग को ऐसे सबूत मिले हैं, जिससे दिखता है कि ईवीएम प्रणाली में सेंधमारी की जा सकती है। यहां चुनाव आयोग के सूत्रों नें इस बारे में सम्पर्क किए जाने पर कहा कि हमारी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक तरह से कैलकुलेटर जैसी हैं और हैकिंग के प्रति अभेद्य हैं। इनका किसी ऐसे सिस्टम से कोई जुड़ाव नहीं होता कि कोई उस सिस्टम के जरिये इनके डाटा के साथ कोई छेड़छाड़ या उनकी हैकिंग कर सके।

### भारत में लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रणाली स्थापित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि भारत ने सशक्त संसदीय लोकतंत्र, स्वतंत्र न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक जैसे संस्थानों की स्थापना हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए की है। श्री हरिवंश ने शुक्रवार को ताशकंद में आयोजित अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, शोषण, तस्करी, और हिंसा के विरुद्ध एक व्यापक रणनीति लागू की है, जिसके अंतर्गत द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते पर बैठक सम्पन्न

**नई दिल्ली।** आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए इसकी संयुक्त समिति की आठवीं बैठक राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सम्पन्न हुई, जिसमें व्यापार संबंधों के विस्तार के महत्व की पुष्टि की गई।

### तहव्वुर राणा को मौके पर ले जाकर क्राइम सीन रीक्रिएट कराएंगे NIA अधिकारी

# बड़ा खुलासा: बाकी शहरों में भी करने थे विस्फोट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**एनआईए हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराए और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए: कोर्ट**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि तहव्वुर राणा मुंबई की तरह ही देश के अन्य शहरों में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा था।

एनआईए ने विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में यह दावा किया। जज चंद्रजीत सिंह ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराएं और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। हालांकि यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। एनआईए अधिकारी को तहव्वुर राणा और उसके वकील की मुलाकात के दौरान कुछ दूरी पर खड़े होना होगा, लेकिन सिर्फ इतनी दूरी कि वह दोनों की बात सुन सके। सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी, ताकि क्राइम सीन को रीक्रिएट किया जा सके। एनआईए के डीआईजी, एक आईजी और दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद रहे। तहव्वुर राणा को गुरुवार को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना, भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि साल 2008 के मुंबई आतंकी हमले में 166 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इस हमले में कई पुलिसकर्मी शहीद हुए थे, जिसमें मुंबई पुलिस के तीन बड़े अधिकारी भी शामिल थे। पाकिस्तान से आए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने इस भीषण हमले को अंजाम दिया था।

### हेडली और राणा 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की जड़: जांच एजेंसियां

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (सीआईडी) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच के अनुसार, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की जड़ में पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद सईद गिलानी और अमेरिका से प्रत्यर्पित पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक डा. तहव्वुर हुसैन राणा शामिल थे। हेडली-राणा बचपन के दोस्त थे और पंजाब प्रांत के अटक जिले के प्रतिष्ठित कैडेट कॉलेज हसनअब्दाल में सहपाठी थे।

### तहव्वुर से पहले दिन तीन घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहले दिन शुक्रवार को 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह कोऑपरेट नहीं कर रहा है। एनआईए की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। एनआईए की डीआईजी जया रॉय की अगुआई में जांच हो रही है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार करेगी। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिस्कलोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। यह केस डायरी का हिस्सा होता है। 64 साल के राणा को गुरुवार को ही स्पेशल विमान से अमेरिका से लाया गया था। देर रात पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह ने बंद कमरे में मामले की सुनवाई की और रात 2 बजे फैसला सुनाते हुए एनआईए को उसकी कस्टडी दी।

## भारत विकास और विरासत साथ लेकर चल रहा: मोदी

वाराणसी, वार्ता



**पीएम ने वाराणसी से पूर्वांचल को दी 3900 करोड़ की 44 विकास परियोजनाओं की सौगात**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शुक्रवार को कहा कि आज का भारत विकास और विरासत साथ लेकर चल रहा है। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे श्री मोदी ने 3900 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा कि काशी मेरी है और मैं काशी का हूं। काशी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है। काशी अब केवल पुरातन नहीं, बल्कि प्रगतिशील भी है। इसने आधुनिकता को अपनाया है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। उन्होंने काशी को पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे का केंद्र बताया और कहा कि जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन, आज उहे काशी पूर्वांचल के विकास के रथ के खींचत है।

### मोदी ने वाराणसी में बलात्कार की घटना का लिया संज्ञान, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने वाराणसी दौरे के दौरान शहर में कुछ दिन पूर्व घटी सामूहिक बलात्कार की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए त्वरित और कड़ा रुख अपनाया है। वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्होंने पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से इस मामले में विस्तृत जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस जघन्य अपराध के सभी दोषियों को चिह्नित कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए व्यापक और प्रभावी व्यवस्थाएं करने पर जोर दिया।

### जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने भी अलगाववादी विचारधारा छोड़ी: शाह

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेन्स से जुड़े एक और संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववादी विचारधारा को छोड़कर देश की एकता के प्रति एकजुटता की घोषणा की है। गृह मंत्री अमित शाह ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट के इस निर्णय के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में अलगाववाद को खारिज करने वाले संगठनों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले किश्तवाड़ में जारी अभियान में एक आतंकवादी को मार गिराया है।

जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर नौ अप्रैल को किश्तवाड़ के चटरू जंगल में पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी और आतंकियों के सफाए का अभियान शुरू किया गया। उसी दिन देर शाम आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया। आतंकवादियों को चारों ओर से घेर लिया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई। व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि अब तक एक आतंकवादी मारा गया है और मुश्किल इलाके तथा प्रतिकूल मौसम के बावजूद, हमारे बहादुर सैनिकों का अथक अभियान जारी है।

## हर मामले की जांच सीबीआई को सौंपना सही नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**शीर्ष अदालत ने खारिज किया पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का आदेश**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एक मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर मामले में ऐसे आदेश देना सही नहीं है। अदालत का यह फैसला हाईकोर्ट के मई 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर आया है। जस्टिस सुधांशु धूनिया और के विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के आदेश देना चाहिए, जिनमें प्रथम दृष्ट्या जरूरी लगे। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के लिए निर्देश देना चाहिए, जहां सामग्री प्रथम दृष्ट्या सीबीआई द्वारा जांच की मांग करती हो। सीबीआई जांच नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर-मगर के आधार पर सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच करने का आदेश देना सही नहीं है। फार्मास्युटिकल का व्यवसाय करने वाले एक कारोबारी ने अक्टूबर 2022 में पंचकूला में एक एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खुफिया ब्यूरो का -शेष पृष्ठ दो पर

## यूपी और बिहार में आसमानी आफत का कहर, 83 की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देश के 10 राज्यों में आंधी- बारिश का अनुमान**

**नई दिल्ली।** देश में मौसम की दोहरी मार जारी है। एक तरफ तेज गर्मी और दूसरी तरफ आंधी-तूफान और बारिश का कहर है। यूपी-बिहार में गुरुवार को आंधी-तूफान के कारण 83 लोगों की मौत हो गई। इसमें 61 मौतें बिहार में और 22 मौतें यूपी में हुईं।

शुक्रवार को भी जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, असम, मेघालय में 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं चली। साथ ही बिजली गिरने का भी अलर्ट था उत्तराखंड के चमोली में गुरुवार को बादल फटा था। देश में भीषण गर्मी भी जारी है। ज्यादातर राज्यों में गुरुवार को दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजस्थान के बाड़मेर में सबसे ज्यादा 44.3डिग्री सेल्सियस रहा।

### दिल्ली-एनसीआर में धूलभरी आंधी के बाद हुई बारिश

**आईजीआईए से 15 से अधिक उड़ानें डायवर्ट**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम में फिर बदलाव देखने को मिला। धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई।

मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की चेतावनी दी और दिल्ली-एनसीआर के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, धूल भरी आंधी के बाद गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और 40-80 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि तेज हवाएं और ओले बागानों, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आईजीआईए पर 15 से अधिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया।

## निजी स्कूलों की मनमानी से स्कूली शिक्षा हुई महंगी

नसीम सैफ़ी

**शिक्षा की दौड़ में पीछे छूट रहा मजदूर वर्ग महंगी किताबें व फीस बनी बड़ी चुनौती**



**शामली।** शिक्षण संस्थान प्रत्येक वर्ष फीस बढ़ाते जा रहे हैं। घर के बाकी खर्चों पर महंगाई के बोझ के मुकाबले शिक्षा के क्षेत्र में महंगाई, दोगुनी गति से बढ़ रही है। इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि खाने-पीने, रहन-सहन और स्वास्थ्य के साथ मनुष्य के सर्वांगीण विकास की चाबी 'शिक्षा' भी लगातार महंगी होती जा रही है।

एक अनुमान के मुताबिक हर वर्ष शिक्षा करीब 10 से 12 फीसदी की दर से महंगी होती जा रही है। इसका मुख्य कारण निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर की पुस्तकें लगवाना, महंगी ड्रेस और फीस की बढ़ोतरी है। निजी स्कूलों की मनमानी से हर कोई वाकिफ है, लेकिन बच्चों के भविष्य को देखते हुए कोई भी अभिभावक कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। वहीं नियमों से बंधा प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। अभिभावकों को कहना है कि इस लूट से बचने के लिए लोगों को आगे आना होगा, ताकि सरकार के समक्ष अपनी बात रख सकें।

निजी स्कूलों में बढ़ती किताबों की कीमतें और स्कूलों की ऊंची फीस आज मजदूर और निम्न आय वर्ग के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मेहनतकश माता-पिता के लिए अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना अब एक सपना बनता जा रहा है। निजी स्कूलों की चकाचौंध, प्रचार और संसाधनों से भरी सुविधाएं गरीब तबके को शिक्षा से दूर करती जा रही है, तो वहीं, प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा को व्यापार बना लिया है। किताबें, ड्रेस और ट्रांसपोर्ट जैसी हर चीज़ में अतिरिक्त खर्च और कमीशन लिया जा रहा है।वहीं, सरकारी स्कूलों में न तो प्रचार-प्रसार की व्यवस्था है और न ही विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए कोई सशक्त जागरूकता अभियान। ऐसे में जरूरत है कि सरकार प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे, संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाए और गरीब बच्चों को भी समान अवसर दे।

1. नीरज जैन ने कहा कि कुछ प्राइवेट स्कूल महंगी किताबें लगाकर गरीब अभिभावकों पर बोझ डालते हैं। उन्होंने एनसीईआरटी की किताबें लागू करने और सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की। साथ ही कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक होंगे नामांकन

नई दिल्ली, वार्ता

**गत 15 मार्च से जारी है नामांकन प्रक्रिया**

**देश के सर्वोच्च** नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आगामी 31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन और सिफारिशें की जा सकती हैं।

गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले इन पुरस्कारों के लिए नामांकन की प्रक्रिया गत 15 मार्च से जारी है। पद्म पुरस्कार यानी पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं और इनकी शुरूआत वर्ष 1954 में की गई थी। ये पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए दिए जाते हैं। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे क्षेत्रों तथा विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। सभी व्यक्ति जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

# दिल्ली-एनसीआर से पांच घंटे में पहुंच सकेंगे कानपुर

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए कानपुर पहुंचना अब कुछ ही घंटों का खेल रह जाएगा। गाजियाबाद से कानपुर के बीच बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से ये दूरी मात्र पांच घंटे की हो जाएगी। इसकी लंबाई 380 किमी होगी। ये यूपी के कई जिलों से होकर गुजरेगा।

उत्तर प्रदेश में हाल के कुछ वर्षों में बड़े नगरों को हाईवे और एक्सप्रेसवे की मदद से आपस में जोड़ने का काम चल रहा है। इससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी अच्छी हो जाएगी। इसी कड़ी में अब नोएडा और कानपुर को गाजियाबाद कानपुर ग्रिनफील्ड एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। पहले नोएडा से कानपुर जाने में 8 से 9 घंटे का समय लगता था। यह एक्सप्रेसवे यूपी के हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव समेत कई अन्य जिलों से होते हुए कानपुर पहुंचेगा। इससे इन सभी जिलों के लोगों के लिए रोजगार और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। शुरुआती चरण में इस एक्सप्रेसवे को चार लेन का बनाया जाएगा, लेकिन भविष्य में इसे छह लेन तक विस्तारित करने की योजना है। यानी भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसके लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है। परियोजना के तहत गाजियाबाद से कानपुर तक कई अंडरपास, फ्लाईओवर और सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा।



■ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से बदलेगी यूपी के 10 से ज्यादा जिलों की सूरत

## यूपी में सुशासन नहीं कुशासन व जंगलराज



■ लड़की से रेप वालों पर नहीं हुई कार्रवाई: अजय

**गोरखपुर।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरी तरह से जंगलराज चल रहा है। जब पीएम के संसदीय क्षेत्र में एक हफ्ते तक एक लड़की के साथ 23 लोगों ने लगातार 6 दिन तक रेप किया, अभी तक उसमें केवल खाना पूर्ति की गई है और कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बेताबी के साथ कह सकते हैं कि जो स्पा और मसाज सेंटर के संचालक हैं, वे सत्ता पक्ष के लोग हैं। वे सत्ता पक्ष और सरकार के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। अजय राय ने कहा कि निश्चित तौर पर यह बहुत ही घटिया वारदात हुई है और पीएम वहां जाकर फोटो खिंचवा रहे हैं। अब तक उन आरोपियों के ऊपर कारवाई नहीं हुई, क्योंकि उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। इस घटना में केवल खाना पूर्ति और दिखावा हो रहा है। खासकर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में इस तरह की घटना हो रही है, तो पूरे प्रदेश का क्या हाल और जंगलराज चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की है वह सही साबित हो रही है। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में एक लड़की के साथ 23

# नई काशी को देखने के लिए हर श्रद्धालु उतावला

वाराणसी, वार्ता



■ सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया, हस्तशिल्पियों को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है उस नई काशी को, उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र काशी आगमन पर योगी ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इस अवसर पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है। दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था। 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां पर आकर बाबा विश्वनाथ के पावन धाम में दर्शन करके पुण्य के भागीदार बने।

## महात्मा ज्योतिबा फुले को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

योगी ने एक्स पर लिखा- प्रतिबद्ध समाज सुधारक, वंचितों-उपेक्षितों के प्रखर स्वर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। जाति प्रथा, असमानता, अशिक्षा जैसी समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों के उन्मूलन हेतु उनका संघर्ष प्रेरणाप्रद और समूची मानवता के लिए मार्गदर्शक है।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती ने महाबोधि मंदिर में हिंदू प्रबंधक पर जताई आपत्ति

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बिहार सरकार के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने बोधगया महाबोधि मंदिर प्रबंधन कानून 1949 और हाल ही में संसद से पारित हुए वक्फ कानून में किए गए बदलावों पर कड़ी आपत्ति जताई है। मायावती ने दोनों मामलों में सरकार से तत्काल संशोधन की मांग की है। लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए मायावती ने कहा कि बोधगया का महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है, लेकिन वहां की देखरेख और पूजा-पाठ में गैर-बौद्धों की भागीदारी बौद्ध समुदाय की आस्था के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि 1949 के कानून में मंदिर प्रबंधन समिति में चार हिन्दू और चार बौद्ध प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था, जिसकी वजह से विवाद बढ़ा है। मायावती ने इस कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। उन्होंने मांग की कि मंदिर की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ बौद्ध भिक्षुओं और अनुयायियों को दी जाए। मायावती ने हाल ही में पारित वक्फ कानून में गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड का सदस्य बनाने के प्रावधान को भी अनुचित करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे मुस्लिम समाज में भारी रोष है। बीएसपी प्रमुख ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वक्फ कानून को फिलहाल स्थगित कर उस पर पुनर्विचार किया जाए।

### विजेंद्र ने कैग रिपोर्टों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों पर शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। गुप्ता ने ऑडिट टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई के महत्त्व को रेखांकित किया तथा शासन में उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके अलावा बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अजय महावर, सरकारी उपक्रमों पर समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र ड्राल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) तथा दिल्ली की महालेखाकार रोली शुक्ला मालगे उपस्थित रहीं। विधानसभा अध्यक्ष ने 20 अप्रैल तक शराब की सप्लाई और रेगुलेशन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री ने हमारे युवाओं को छोड़ दिया बेरोजगार: राहुल गांधी

# मोदी की रोजगार योजना धरातल से गायब

नई दिल्ली, वार्ता



■ रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की, यह घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि उन्होंने करीब एक साल पहले रोजगार से जुड़ी योजना की शुरुआत बड़े धूमधाम से की थी लेकिन उसके परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस योजना के लिए बड़ी राशि का ऐलान कर इसके लिए धन भी आवंटित किया गया, लेकिन इस राशि को वापस कर दिया गया है और इस तरह प्रधानमंत्री की यह योजना भी जुमला बनकर रह गई है। गांधी ने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे युवाओं को रोजगार देने का वादा करते हुए बहुत धूमधाम से 'रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन' योजना की घोषणा की। यह घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है और इसके लिए आवंटित 10,000 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि

### राहुल ने पीएम से किया सवाल

गांधी ने सवाल करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, आपने बहुत दिखावे के साथ ईएलआई की घोषणा की, लेकिन यह 10,000 करोड़ की योजना कहां गायब हो गई। क्या आपने अपने वादों के साथ-साथ हमारे बेरोजगार युवाओं को भी छोड़ दिया है। आप हर दिन नए नारे गढ़ते हैं, लेकिन हमारे युवा अभी भी वास्तविक अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारत को जिन करोड़ों नौकरियों की सख्त जरूरत है, उन्हें पैदा करने के लिए आपकी ठोस योजना क्या है या यह सिर्फ एक और जुमला है। आप अपना ध्यान अडानी और अपने अरबपति मित्रों को समृद्ध करने से हटाकर हाशिए पर पड़े समुदायों के युवाओं को रोजगार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने पर कब लगाएंगे।

मुझे लगता है कि मेरे इन विचारों से मोदी सहमत नहीं होंगे लेकिन यह पक्का है कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यवसायों की तुलना में कुछ पूंजीपतियों को बढ़ावा देकर उत्पादन की तुलना में जोड़तोड़ के निर्माण को प्राथमिकता देकर और भारत के स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकती। करोड़ों नौकरियां पैदा करने का तरीका एमएसएमई में बड़े पैमाने पर निवेश, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा वाला बाजार, स्थानीय उत्पादन नेटवर्क के लिए समर्थन और कौशल से लैस युवाओं के माध्यम से है।

## अधिवेशन का संदेश पूरे देश तक ले जाएं कांग्रेस कार्यकर्ता: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुजरात के अहमदाबाद में आठ तथा नौ अप्रैल को आयोजित पार्टी के अधिवेशन की सफलता का श्रेय गुजरात प्रदेश कांग्रेस को देते हुए कहा है कि पार्टी के इन कार्यकर्ताओं में गजब की क्षमता है और इसका इसतेमाल सत्ता में वापसी के लिए करना है। खड़गे ने आयोजन के लिए गुजरात प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को विशेषतौर पर बधाई दी और कहा कि उनमें असीम क्षमता है और इसका इस्तेमाल कांग्रेस की वापसी के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार नहीं है, लेकिन गुजरात कांग्रेस की टीम ने प्रतिकूल परिस्थितयों में भी यह सफल आयोजन कर अपनी ने असाधारण क्षमता का परिचय है। खड़गे यहां जारी एक वीडिया संदेश में कहा कि मैं अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए देश भर के कांग्रेस के साथियों को बधाई और धन्यवाद देता हूं। विशेष तौर पर गुजरात प्रदेश कांग्रेस की टीम को मैं बधाई देता हूं, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों और हमारी सरकार न होने के बावजूद समर्पण के साथ इसे सफल बनाने में रात दिन का श्रम किया। हर कार्यकर्ता को हमारी बधाई। उन्होंने कहा कि इस मौके पर कांग्रेस के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल के नेता, कांग्रेस सचिवों को विशेष तौर पर शुभकामना। कई वर्षों से गुजरात में कांग्रेस विपक्ष में है। फिर भी ये बहुत कामयाब आयोजन रहा। इसका संदेश देश से आए कांग्रेस सदस्य अपने इलाकों में पहुंचाएंगे।ह कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस अधिवेशन को सफल बनाने वाले गुजरात के साथियों को मैं कहना चाहूंगा कि आपमें गजब की संगठन क्षमता है। आप घरों से बाहर निकलिए। बदलाव आपकी प्रतीक्षा में है। आप सभी को शुभकामनाएं।

# अब धर्म के नाम पर छात्रों से भेदभाव: अखिलेश

अलीगढ़, वार्ता



■ कानून-व्यवस्था के नाम पर जनता को कर रहे परेशान

सपा सुप्रीमो व उत्तर प्रदेशके पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला है। वह अलीगढ़ के दौर पर थे।

सपा मुखिया ने कहा कि मौजूदा सरकार में जिस तरह से अन्न दाताओं को परेशान करने का काम किया जा रहा है, ऐसा पहले कभी नहीं देखा। कानून व्यवस्था के नाम से लगातार आम जनता को परेशान किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अलीगढ़ में दावा किया कि योगी आदित्यनाथ को गद्दी से हटाने का प्रयास चल रहा है। इसी कारण अधिकारी अपनी तानाशाही चला रहे हैं। अखिलेश यादव ने जाति प्रमाण पत्र कैंसिल होने वाली छात्रा से भी मुलाकात की।

अखिलेश यादव ने कहा कि छात्रा ने सिर पर दुपट्टा रखने के बाद जाती प्रमाण पत्र अप्लाई किया था, लेकिन उसके बाद उसके जाति प्रमाण पत्र को महज धर्म के नाम पर रिजेक्ट कर दिया गया। यह पूरी तरीके से नाइंसाफी है। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन छात्रा को दिया है। छात्रा ने बताया कि पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ के थाना हरद. ुआगंज क्षेत्र का है, जहां गोल्डन रिसोर्ट में अखिलेश यादव ने सपा महिला नेत्री की बेटी की शादी में शिरकत की। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने वक्फ बिल को काला कानून बताया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार उल्टे सीधे कानून लाकर लोगों को डराना चाहती है। वहीं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सदन में जो बयान दिया गया था, उस बयान को सदन की रिकार्डिंग से हटा दिया गया है, जो बयान सदन की रिकॉर्डिंग से हटा दिया जाता है, उस पर कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। कासगंज की पटियाली विधानसभा की पूर्व विधायक नजीबा खान जीनत की बेटी के शादी समारोह में शिरकत करने अखिलेश यादव अलीगढ़ पहुंचे थे। बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भाजपा बार-बार बदलने की कोशिश कर रही है, जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है।

## अर्थ व्यापार

# टैरिफ पर अस्थायी रोक से शेयर बाजार को राहत

मुंबई, वार्ता



■ लिवाली की बदौलत सेंसेक्स-निफ्टी करीब दो फीसदी उछले

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों तक के लिए स्थगित रखने के निर्णय से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार ने राहत की सांस ली और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी करीब दो फीसदी तक उछल गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1310.11 अंक अर्थात 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,157.26 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत की दमदार तेजी के साथ 22828.55 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.84 प्रतिशत उछलकर 40,274.24 अंक और स्मॉलकैप 3.04 प्रतिशत मजबूत होकर 45,798.35 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4079 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3115 में लिवाली जबकि 846 में बिकवाली हुई, वहीं 118 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2959 कंपनियों के शेयरों में से 2381 में तेजी जबकि 492 में गिरावट रही वहीं 86 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजारों में जारी अनिश्चितता के बीच आज बाजार में भले ही गैप अप ओप. निंग देखने को मिली हो, लेकिन इसके लंबे समय तक टिके रहने की संभावना कम है। अमेरिकी बॉन्ड बाजार की तेज हलचल ने इस पर महत्वपूर्ण असर डाला है। दरअसल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ से पीछे हटने के पीछे प्रमुख कारण अमेरिकी बॉन्ड बाजार में आई उथल-पुथल रही। अमेरिकी ट्रेजरी में भारी बिकवाली के चलते सुरक्षित निवेश का रुझान घटा और 10 वर्षीय बॉन्ड ईल्ड बढ़कर 4.5 प्रतिशत तक पहुंच गई।

## ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री से मिली सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण ने वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर से मुलाकात की और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया। वित्त मंत्रालय ने कल देर रात 'एक्स' पर यह जानकारी दी और कहा कि मार्टरबाउर ने ऑस्ट्रिया और भारत को साझा मूल्यों वाला स्वाभाविक सहयोगी बताया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख पहलुओं, प्रमुख सुधारों और नीतिगत उपायों को साझा किया। श्रीमती सीतारमण ने ई-मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में राष्ट्रीय निवेश और अवसं. रचना कोष के माध्यम से और दोनों पक्षों की स्टार्ट-अप कंपनियों के बीच विशेष रूप से फिनटेक में निवेश और व्यापार सहयोग के अवसरों को रेखांकित किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने श्री मार्टरबाउर को सहयोग के लिए क्षेत्रीय अवसरों का पता लगाने और एक-दूसरे के साथ सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आने के लिए आमंत्रित किया।

# पाम ऑयल सस्ता, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजार में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल सस्ता हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 14 रिंगिट बढ़कर 4458 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.48 सेंट उतरकर 46.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750- 6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500- 8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**प. बंगाल....**

सामाजिक संगठनों को इस अभियान में शामिल होने की अपील की है। महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों को इस अभियान में शामिल होने की अपील की है। कोलकाता की आलिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मुस्लिम संगठनों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। वहीं महाराष्ट्र- मुंबई में एआईएमआईएम के विरोध के दौरान नेता वारिस पठान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जबकि जम्मू- कश्मीर के श्रीनगर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने पार्टी आफिस के बाहर ही बैरिकेड्स लगाकर रोका। नेशनल कांफ्रेंस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। लॉ बोर्ड महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया है। वीडियो में मुजद्दिदी ने सरकार पर सां. प्रदायिक एजेंडा चलाने और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो में कहा कि यह अभियान वक्फ संपत्तियों की रक्षा और विधेयक को निरस्त करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। यह विधेयक वक्फ संपत्तियों की प्रकृति और स्वायत्तता को नुकसान पहुंचाएगा, जिसे वे इस्लामी मूल्यों, शरीयत, धार्मिक स्वतंत्रता और भारतीय संविधान के खिलाफ मानते हैं। बोर्ड के मुताबिक आंदोलन तब तक चलेगा, जब तक विधेयक पूरी तरह निरस्त नहीं हो जाता। इसे वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ अभियान का नाम दिया गया है, क्योंकि बोर्ड इसे संवैधानिक अधिकारों से जोड़ता है।

**हर मामले की...**

महानिरीक्षक (आईजी) बता उसे धमकी दी और 1.49 करोड़ रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। कारोबारी ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे और उसके सहयोगियों को अपने साथ काम करने के लिए मजबूर किया और पैसों की जबरन वसूली की। शिकायतकर्ता ने राज्य पुलिस से जांच को सीबीआई को ट्रांसफर करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने कारोबारी की याचिका को स्वीकार कर लिया और मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए। इसके बाद, आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अपने 2 अप्रैल के फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के समक्ष दायर याचिका में अस्पष्ट और बेबुनियाद आरोप लगाए गए थे। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट में बताया कि पुलिस अधिकारी अपीलकर्ता से परिचित थे और वे भी मामले में शामिल हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता के ये दावे बिल्कुल भी पुष्ट नहीं हैं।

**निजी स्कूलों की...** सरकारी स्कूलों की पढ़ाई बेहतर हो, तो अमीर परिवार भी वहां बच्चों को पढ़ाना चाहेंगे।

2. अंकुज चौधरी, अध्यक्ष प्रतिनिधि गढ़ीपुख्ता का कहना है कि प्राइवेट स्कूलों की फीस इस कदर बढ़ चुकी है कि आम आदमी के लिए बच्चों को पढ़ाना सपना बन गया है। सरकार को इस पर ठोस नीति बनानी चाहिए। शिक्षा हर बच्चे का हक है। सरकार को चाहिए कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता बढ़ाए और निजी स्कूलों की तरह जागरूकता अभियान चलाए।

3. आरिफ राणा का कहना है कि प्राइवेट स्कूल तो प्रचार में लाखों खर्च कर रहे हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। सरकार को स्कूलों की ब्रांडिंग पर भी ध्यान देना होगा।

4. मुस्तकीम सैयद ने कहा कि एक नर्सरी के बच्चे की किताबें ही दो हजार रुपये से ऊपर की आ रही हैं, यह आम जनमानस के साथ सीधा अन्याय है। शिक्षा के नाम पर शोषण हो रहा है, प्राइवेट स्कूलों पर शासन को गाइडलाइन बनानी चाहिए, अन्यथा सरकारी विद्यालयों में और मेहनत होनी चाहिए।

5. शरीफ अहमद चौधरी ने कहा कि हमारे गांवों में अब लोग मजबूरी में ही सरकारी स्कूलों का रुख करते हैं। अगर सरकारी स्कूलों में सुविधाएं और माहौल सुधरे, तो आज भी ये स्कूल सबसे बेहतर विकल्प हो सकते हैं। प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा को पूरी तरह से मुनाफे का व्यापार बना लिया है।

# फसलों के नुकसान का आकलन करें अफसर

## किसानों के नुकसान की होगी भरपाई, कृषि मंत्री ने किया ऐलान

■ पीएम फसल बीमा योजना के तहत की जाएगी भरपाई



**लखनऊ।** यूपी में हाल ही में बदले मौसम के मिजाज और कई जनपदों में हुई भारी बारिश व आंधी-तूफान के चलते किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को त्वरित राहत दिलाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में फसलों को नुकसान पहुंचा है, वहां के अधिकारियों को तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने के लिए कहा गया है।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि फसलों को हुए नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत की जाएगी। इसके लिए प्रभावित किसानों का सर्वे तेजी से किया जाएगा, ताकि उन्हें समयबद्ध तरीके में राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है और किसी भी किसान को नुकसान की स्थिति में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कोई भी पात्र किसान मुआवजे से वंचित न रहे। सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को उनके नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द मिले, ताकि वे अपनी अगली फसल की तैयारी बिना किसी बाधा के कर सकें। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग ने जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बिना देरी किए सर्वे का काम पूरा करें और रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराएं। इससे फसल बीमा योजना के अंतर्गत राहत प्रक्रिया में तेजी लाई जा सकेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रेलवे व राजस्व की टीम करेगी भूमि की पैमाइश

## एसडीएम व सीओ ने दिया उचित समाधान का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव फतेहपुर शुमाली में ग्रामीणों द्वारा रेलवे पर रास्ता बंद करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने के मामले में एसडीएम चंद्रकांता और सीओ स्वेताभ भास्कर ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों से जानकरी ली कहा कि रेलवे को पत्राचार कर राजस्व व रेलवे टीम द्वारा संयुक्त भूमि पैमाइश के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। प्रशाशन ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

शुक्रवार को एसडीएम चंद्रकांता सीओ श्वेताभ भास्कर गांव फतेहपुर शुमाली पहुंचे उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुन हर संभव मदद का भरोसा दिया। कहा की रेलवे और राजस्व टीम की संयुक्त पैमाइश के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। यहां भाकियू नेता दानवीर सिंह भी मौजूद रहे। गांव फत्तेपुर छीतरा में ग्रामीणों के मुताबिक रेलवे लाइन के पास अनुसूचित जाति के करीब 200 परिवार कई सालों से मकान बना कर रह रहे हैं। इनका आवागमन का रास्ता रेलवे की भूमि से ही होकर गुजरता है । आरोप है कि करीब 15 दिन पहले रेलवे ने ग्राम फत्तेपुर छीतरा में अपनी संपत्ति की तारबंदी कर दी। गांव में स्थित रेलवे के गेट संख्या सात के पास से गुजर रहे मार्ग को रेलवे ने लोहे का गार्डर लगाकर बंद कर दिया। जिससे परेशानी होने लगी। ग्रामीणों ने रेलवे अधिकारियों से भी गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर पलायन की चेतावनी दी। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को एसडीएम चंद्रकांता, सीओ स्वेताभ भास्कर बछरायूं थाना प्रभारी प्रमोद कुमार के साथ गांव पहुंचे यहां मौका मुआयना कर ग्रामीणों के साथ बैठक पर उनकी समस्या सुनी। अधिकारियों ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। एसडीएम ने कहा कि भूमि की पैमाइश के लिए रेलवे को पत्राचार किया जाएगा। भूमि की पैमाइश के बाद स्थिति स्पष्ठ होगी। इसके बाद ही आगे की कोई कार्यवाही की जायेगी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने बताया कि अधिकारी ग्रामीणों से वार्ता के लिए गांव पहुंचे थे रेलवे की भूमि पैमाइश होने के बाद आगे की कार्यवाही की बात कही जा रही है। चेतावनी दी है कि यदि रेलवे ने उनको आवागमन का रास्ता नहीं दिया तो भाकियू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

**■ रेलवे द्वारा रास्ता बंद करने का मामला**



■ मंडी धनौरा। रेलवे द्वारा रास्ता बंद करने के विरोध में हंगामा करते ग्रामीण।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

## किशोर गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दो बाइकों की भिड़ंत में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि किशोर बुरी तरह घायल हो गया।



गुरुवार की देर शाम हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी 28 वर्षीय जसपाल पुत्र जयचंद हसनपुर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर हथियाखेड़ा गांव के नजदीक पहुंची तो रहरा की दिशा से आ रही बाइक से उसकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें जसपाल तथा दूसरी बाइक पर सवार बिट्टू निवासी गांव हथियाखेड़ा गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां मेरठ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान 28 वर्षीय जसपाल की मौत हो गई। जबकि घायल बिट्टू का मुरादाबाद के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक बिट्टू की हालत चिंताजनक बनी हुई है। शुक्रवार की दोपहर बाद मृतक जसपाल का शव गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। परिजनों के मुता. बिक मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी किरन देवी के अलावा मासूम 10 वर्षीय बेटे गौरव तथा 8 वर्षीय बेटे मोहित को रोते-बिलखते छोड़ गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है।

# जिले को 21 एम्बूलेंस की मिली सौगात

## डीएम व शिक्षक विधायक ने जनता को किया समर्पित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने व समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए जिले को 21 एम्बूलेंस की सौगात मिली है। कलेक्ट्रेट में डीएम निधि गुप्ता वत्स व शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर एम्बूलेंस को रवाना किया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि जिले को कुल 21 एम्बूलेंस की सौगात मिली है। जिसमें आठ एम्बूलेंस 108 जबकि 13 एम्बूलेंस 102 हैं। यह जिले के लिए बड़ी सौगात है। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी विभागों को ध्यान में रख विकास कार्य करा रही है। पहली बार संविदा और शिक्षामित्रों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया है। सभी योजनाओं व व्यवस्थाओं में प्रदेश नम्बर वन है। पारदर्शिता के साथ सभी वर्गो के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो आदि मौजूद रहे।

# लगन समारोह में जा रहे पांच बाइक सवार घायल

## एक गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** लगन समारोह में जा रही बाइकों की भिड़ंत होने से 5 लोग घायल हो गये। गंभीर हालत में एक को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

जनपद संभल के ऐचोड़ा निवासी पवन पुत्र सतपाल रवि पुत्र सतपाल व कैफ पुत्र जाकिर निवासी ग्राम हरियाणा थाना सैदनगली वह परविंदर पुत्र जगन सिंह हरीश पुत्र रूप सिंह निवासी ग्राम चक गुलामपुर अंबिया बाइकों पर सवार होकर लगन समारोह में शिरकत करने के लिए गांव बाईखेड़ा को जा रहे थे। इस दौरान दोनों बाइकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे बाइकों पर सवार पांचो लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गये। 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कैफ को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये थे। बताया जा रहा है बाइक सवार आगे निकलने की होड़ में दुर्घटना का शिकार हुए हैं।

# दहेज में कार न मिलने से शादी से किया इंकार

## वर पक्ष के कई लोगों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रिश्ता होने के बाद दहेज में कार व पांच लाख रुपये व कार की मांग कर दी। वधु पक्ष ने असमर्थता जताई तो बारात लाने से इन्कार करते हुए रिश्ता तोड़ दिया। इस मामले में वर पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मिलक पापड़ी का है। यहां रहने वाले रफीक अहमद ने अपनी बेटी रानी का रिश्ता जनपद मुरादाबाद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी हाजी इकबाल के बेटे आमिर के साथ तय किया था। रिश्ते में काफी लेनदेन हुआ था। शादी की तैयारी भी चल रही थीं। इसी दौरान वर पक्ष ने शादी में पांच लाख रुपये नकद व कार की मांग कर दी। वधु पक्ष ने असमर्थता जताते हुए मांग पूरी करने से इन्कार कर दिया। जिस पर वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया तथा बरात लाने से इन्कार कर दिया। काल कर जान से मारने की धमकी दी। पंचायत के बाद भी बात नहीं बनी तो पीड़िता ने तहरीर दे दी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में आमिर व उसके परिवार के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# युवक पर तलवार से दबंगों ने किया हमला

## पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मामूली कहासुनी के बाद पांच युवकों ने एक युवक को घेर कर मारपीट की। आरोप है कि तलवार व धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शहर के मोहल्ला अफगानान में हिमांयु खां का परिवार रहता है। किसी बात को लेकर उनके बेटे अनस की कहासुनी मोहल्ले के ही रहने वाले नवेद से हो गई थी। जिस पर नवेद ने अपने भाई शाहवेज, आवेज व दोस्त इमरान व फुरकान निवासी मोहल्ला घेर पछैयां को साथ लेकर अनस को रास्ते में घेर लिया। उसके साथ मारपीट की तथा तलवार से हमला कर घायल कर दिया। भीड़ जमा होती देख आरोपी भाग गए। परिजनों ने घायल का सरकारी अस्पताल में कराया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# टॉपटेन अपराधी को सात साल की कैद

## जान से मारने की नियत से किया था फायर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जान से मारने के इरादे से गोली मारने के मामले में अदालत ने जिले के टॉप टेन अपराधी को सात साल कैद की सजा सुनाई। दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वारदात 7 मार्च 2018 की है। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मिलक मोतीखेड़ा में किसान देवेंद्र सिंह का परिवार रहता है। वारदात वाले दिन वह अपने भाई रवि के साथ गांव कुआंखेड़ा से घरेलू सामान खरीदकर गांव वापस लौट रहे थे। दोनों भाई गांव के बाहर जब देसी शराब की दुकान के सामने से गुजर रहे थे तभी पहले से घात लगाए खड़े सुखवीर उर्फ पपिया ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर दोनों को रास्ता घेरकर रोक लिया था। गाली-गलौज का विरोध करने पर सुखवीर उर्फ पपिया ने तमंचा निकालकर फायर झोंक दिया था। गोली लगने से रवि गंभीर घायल हो गया था। स्थानीय लोगों की मदद से देवेंद्र सिंह ने घायल भाई रवि को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं, सुखवीर उर्फ पपिया हमले को अंजाम देने के बाद साथियों के साथ वहां से भाग निकला था। मामले में पुलिस ने किसान देवेंद्र सिंह की तहरीर पर सुखवीर उर्फ पपिया के अलावा उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुक. दमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने आरोपी सुखवीर उर्फ पपिया को गिरफ्तार करने के बाद उसका चालान कर दिया था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम नाजनीन बानो की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी कर रहे थे। शुक्रवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने सुखवीर उर्फ पपिया को दोषी करार दिया। सात साल कैद की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**■ कोर्ट ने दस हजार रुपये का जुर्माना भी सुनाया**

# वन विभाग ने कब्जामुक्त कराई चार बीघा जमीन

## कब्जाधारियों में मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर 4 बीघा भूमि को कब्जा मुक्त करवाया है। वन विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई से कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर में माफियाओं द्वारा वन विभाग की भूमि पर कब्जा किये जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। वन विभाग ने इसको गंभीरता से लेना शुरू कर दिया था। शुक्रवार को वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने गांव ढकिया खादर में अभियान चलाकर वन विभाग की भूमि पर किये गये कब्जे को हटवा दिया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया वन विभाग की करीब चार बीघा भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ था। अधिकारियों के आदेश पर जेसीबी की सहायता से अवैध कब्जे को हटा दिया गया है। वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है।

# युवक के लापता होने से परिजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दौड़ लगाने के लिये कहकर आया 19 वर्षीय युवक वापस घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी रिश्तेदारियों और जान पहचान के सभी स्थानों पर तलाश की, मगर युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला तिगरिया भूड़ निवासी राम. रतन सिंह का 19 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार 10 अप्रैल की शाम को छह बजे नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में दौड़ लगाने की बात कहकर आया था, मगर वह वापस लौटकर घर नहीं पहुंचा। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने सुमित की तलाश की मगर उसका कुछ पता नहीं चला। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# सावित्रि बाई फूले को मिले भारत रत्न

## धूमधाम से मनाई ज्योतिबाफूले की 198वीं जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ऑल इंडिया सैनी सभा ने जिला का नाम महात्मा ज्योति. बाराव फूले करने की मांग की। जबकि उनकी पत्नी साबित्री बाई फूले को भारत रत्न से सम्मानित न किये जाने पर रोष जताया गया।

कलक्ट्रेट स्थित प्रतिमा स्थल पर ऑल इंडिया सैनी सभा द्वारा महापुरूष महात्मा ज्योतिबा फूले का 198वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बोलते पूर्व सांसद राज कुमार सैनी ने कहा कि जिले का नाम महात्मा ज्योतिबा फूले रखा गया था। लेकिन सपा सरकार आने पर इसे बदल दिया गया। महत्मा ज्योतिबा फूले ने हमेशा दबे कुचले समाज की आवाज बुलंद की। उन्होंने मांग करते कहा कि जिले का नाम बदलकर ज्योतिबाफूले किया जाये। उनकी पत्नी प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले का भारत रत्न दिया जाये। आबादी के हिसाब से 54 प्रतिशत कर अति पिछड़े वर्ग को अलग से आरक्षण दिया जाये। सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा। इस जिलाध्यक्ष राजपाल सैनी, रामौतार सैनी, जसवीर सिंह पाल, चमन सिंह, नवनीत सैनी, पुष्पेन्द्र सैनी, सरवन सैनी, करतार सैनी, कृपाल सैनी, कल्याण सैनी, पीयूष सैनी आदि मौजूद रहे।



# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हसनपुर।** बाइक सवार को अज्ञात कार ने टक्कर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। राहगीरों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करा दिया। शुक्रवार की शाम रहरा निवासी सालिम अपनी बाइक पर सवार होकर गजरौला दिशा से अपने घर को लौट रहा था। जब वह मनौटा पुल के समीप पहुंचा तो अज्ञात कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सालिम सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उठाकर गजरौला के सीएससी में भर्ती करा दिया। जब के चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया।

# ई-रिक्शा की टक्कर से पूर्व प्रधान घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार पूर्व प्रधान व उनकी पत्नी घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दंपत्ति को उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया, जहां से पूर्व प्रधान को बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी निवासी पूर्व प्रधान अनिल कुमार अपनी पत्नी पूनम के साथ शुक्रवार को नगर आए थे। दोपहर के वक्त वे रेलवे फ्लाई ओवर के ऊपर पहुंचे तो ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में पूर्व प्रधान अनिल कुमार व उनकी पत्नी पूनम घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। उन्हें तुरंत उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से उपचार के बाद पूर्व प्रधान को बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर रेफर कर दिया।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार अंतोदय तक विकास में जुटी: तरारा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** धनौरा विधायक राजीव तरारा ने गजरौला मंडल के अंतर्गत सलेमपुर गोसाई में महान समाज सुधारक 'महात्मा ज्योतिबा फुले' की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व नमन किया। इसके बाद 'गांव चलो अभियान' के अंतर्गत डॉ० भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही 'ग्राम चौपाल' का आयोजन कर ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया गया। विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाकर हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेते हैं। महिला सशक्तीकरण पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। इस अवसर पर ओमकार सिंह , सतवीर सिंह, भारत सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रतीक मौर्य, हरिओम, विपिन, अक्षय व परविंदर आदि शामिल रहे।

# नौ मौहल्लों में बदले गए बिजली के तार

**गजरौला।** नगर के टाउन फर्स्ट एवं टाउन टू में बिजली विभाग द्वारा नौ मोहल्लों में विद्युत सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया। इस दौरान पुराने केबिलों को हटाकर दूसरे केबिल व खराब पोल के स्थान पर दूसरे पोल गड़वाए गए। हालांकि इस सभी कार्य के चलते दोनों फीडरों के नो मोहल्लों में करीब सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को समस्या का सामना भी करना पड़ा। बता दें कि गर्मी के मौसम में आने वाले समय में लोड बढ़ जाता है, ऐसे में जर्जर केबिल और खराब खंबो से विद्युतापूर्ति में समस्या आती है।

# जयंती की अनुमति न मिलने पर भीम आर्मी का धरना

## एसडीएम के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अम्बेडकर जयंती मनाये जाने की अनुमति न दिये जाये से नाराज भीम आर्मी कार्यकर्ता धरने पर बैठ गये।

शुक्रवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम पर आरोप लगाया कि उन्होंने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी हैं। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एसडीएम के द्वारा अनुम. ति न दिये जाने की वजह से उन्हें बाबा साहब की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने में बाधा आ रही हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान दिया। लोगों को जीने का अधिकार दिया। लेकिन आज उन्हीं का जन्मदिन मनाने के लिए परमिशन के नाम पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं और दलितों को कार्यालयों के चक्कर कटवाये जा रहे हैं। तरह-तरह की शर्तें लगाकर अनुमति नहीं दी जा रही। चेतावनी दी जा रही है यदि बिना अनुमति के कोई भी कार्यक्रम कर नई परंपरा डाली गई तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अगर उनकी मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। धरना प्रदर्शन में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष मोनू सागर, जिला महासचिव राजू खेबान, मनोज कुमार, ओमेंद्र सिंह, रवि कुमार, हरबंस सिंह, हंसराम आदि मौजूद रहे।

# भाईचारे का पैगाम देते हैं त्यौहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** तहसील बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि त्यौहार हमें भाईचारे का पैगाम देते हैं। सभागार में ईद मिलन समारोह का आयोजन तहसील बार एसोसिएशन द्वारा किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों को आपसी भाईचारे से मनायें। एसडीएम सुधीर कुमार ने कहा कि इस तरह का आयोजन एक दूसरे को करीब लाता है तथा जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम मे नायब तहसीलदार योगेश कुमार, महफूज अली, सतेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, आसिफ हसन, जयशपाल सिंह, शमीम अहमद, शंकर सिंह, रिंकू गोले, अभिनव सक्सैना आदि मौजूद रहे।

# स्कूल संचालकों की मनमानी पर रोक लगे

## कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिला कांग्रेस एवं शहर कमेटी ने निजी स्कूलों की लूट खसोट को रोकने की मांग की। डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया।

शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा डीएम निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि स्कूलों में नया सत्र शुरू होते ही लूट खसोट शुरू हो चुकी है। स्कूल प्रबंधतंत्र मनमानी फीस बढ़ा रहे हैं जबकि किताबें व यूनिफार्म भी पसंद की दुकानों से लेने का अभिभावकों पर दबाव बनाया जा रहा है। इस समय महंगाई के कारण घर चलाना मुश्किल है। ऐसे में स्कूलों की लूट से अभिभावक मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने किताबों व यूनिफार्म के लिए छात्रहित में एक नियमावली बनाने की मांग की। इसके अलावा शहर कांग्रेस कमेटी ने तहसील में एसडीएम को इस बाबत ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन सोंपने वालों में जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, शहर अध्यक्ष इन्द्रेश कुमार शर्मा, मयंक गुर्जर, फैज आलम राईनी, राजकुमार अरूण, हरस्वरूप सिंह, चौधरी सुखराज सिंह, मंगल सिंह, अली इमाम रिजवी, हाजी खुर्शीद अनवर, सरदार इन्दर सिंह, परवेज आरिफ टीटू आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

# मजाक बनकर रह गई सुखदेवी कालेज की ठेका नीलामी

## समिति की उदासीनता से नहीं पहुंचे ठेकेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की ठेका नीलामी मजाक बनकर रह गई हैं। ठेका नीलामी समिति की उदासीनता के चलते कोई ठेकेदार नीलामी में नहीं पहुंच पाया।

शनिवार को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज द्वारा ग्राउंड में नुमाइश की ठेका नीलामी प्रस्तावित थी। टेंडर प्रकाशित होने के बाद आसपास के जनपदों के संभावित ठेकेदार नीलामी में शामिल होने के लिए तैयारी कर रहे थे। सूत्रों की बात पर विश्वास किया जाये तो जिन लोगों को ठेका नीलामी करने के लिए अधिकृत किया गया था। दो दिनों से ठेका लेने वाले इच्छुक ठेकेदार ठेका नीलामी कमेटी से संपर्क कर रहे थे। लेकिन वह एक दूसरे पर टालमटोल करते रहे। जिसका नतीजा यह निकला की नीलामी में किसी भी ठेकेदार ने पहुंचने की जहमत नहीं उठाई। आखिर ठेका नीलामी कमेटी किसके दबाव में थी कि जिसने इच्छुक ठेकेदारों को नीलामी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट जवाब नहीं दिया। लोगों की समझ में नहीं आ रहा है कि जब ब्लॉक के सामने मैदान में नुमाइश ठेका करना ही नहीं था तो फिर टेंडर आदि क्यों निकलवाया गया था। श्रीमती सुखदेव इंटर कॉलेज के ग्राउंड में लगने वाली नुमाइश से मिलने वाली धनराशि से कॉलेज में अनेको कार्य कराये जाते थे। आज श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के कमरों की स्थिति यह है कि वह जर्जर अवस्था में है। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में लगने वाली नुमाइश नीलामी ठेका महज एक मजाक बनकर रह गया है।

# शोभायात्रा में झांकियों ने किया आकर्षित

## कलाकारों की प्रस्तुति पर सभी चकित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बालाजी महाराज की जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम बालाजी भक्त मंडल के तत्वाधान में नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य बालाजी शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ विधायक ने विधि विधान से पूजन कर किया।

श्री राम बालाजी भक्त मंडल के द्वारा बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य बालाजी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा बालाजी महाराज की विधि विधान के साथ पूजा कर किया गया। शोभायात्रा में सम्मिलित शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, गणेश जी, राम दरबार, मां दुर्गा, हनुमान जी आदि की झांकियां नगर वासियों का मन मोह रही थी। वहीं राधा कृष्ण रास मंडल, शंकर तांडव एवं राजस्थानी नृत्य के कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी को चकित कर दिया। शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा शिवाला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करती हुई शिवाला मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल,संजय शर्मा, संतोष अग्रवाल,संजीव गोयल, रवि रस्तोगी, अंकुर अग्रवाल, देवेंद्र चौधरी, अरुण अग्रवाल, भोला अग्रवाल आदि भक्त मौजूद रहे।

# टीबी अभियान में सहयोग पर पांच चिकित्सक सम्मानित

## टीबी के खात्मे को सभी दें सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** टीबी कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका निभाने वाले आईएमए के पांच चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

31 मार्च को आईएमए व भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा नौगांवा रोड स्थित एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ टीबी विभाग के चिकित्सक डा. सूर्यकांत त्रिपाठी ने कहा था कि टीबी के बीमारी में भारत की स्थिति लगातार सुदृढ़ हो रही है। समय पर टीबी की पहचान होने से इसका उपाय आसान है। आज इस अभियान से जुड़े आईएमए के पांच चिकित्सक सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा. पीके अग्रवाल, डा. राजीव गोयल, डा. प्रदीप सिंह, डा. वीबी जिंदल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा. गिरीश त्यागी, डा. एसके चौधरी, डा. भीषम देवल, डा. रमेश सैनी, डा. पकंज बादल, डा0 सिद्धराज, डा. राजेन्द्र सिंह, डा अनुराग गोयल, डा0 एसके सैनी, डा. शकील फारूकी, डा. बाबर मंसूर, डा. पैसल, डा. शैफाली अग्रवाल, डा. प्रियंका सिंह, डा. प्रीति रानी मौजूद रहे।




# जुमे की नमाज़ को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

## ड्रोन से कराई निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जुमे की नमाज के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अमला सक्रिय रहा। अफसरों ने भ्रमणशील रहकर माहौल पर नजर बनाए रखी। संवेदनशील इलाकों में जवानों ने पैदल मार्च किया। मस्जिदों के आस-पास पुलिस बल की तैनाती करते हुए ड्रोन से निगरानी कराई गई। दिन निकलने के साथ शुरू हुआ मूवमेंट शाम तक लगातार जारी रहा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले में कहीं भी विरोध-प्रदर्शन का मामला सामने नहीं आया।

डीएम निधि गुप्ता वत्स तथा एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही पुलिस-प्रशासनिक अफसर अलर्ट मोड पर दिखाई दिए। जिले के सभी सर्किल में एसडीएम-सीओ ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए लोगों से संवाद किया। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं, दूसरी तरफ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया एजेंसियों को सतर्क रखा गया। भीड़भाड़ व मुस्लिम बाहुल्य वाले इलाकों में स्थित मस्जिदों के आस-पास पुलिस बल की तैनाती करा दी गई। यहां नमाज संपन्न नहीं होने तक ड्रोन से भी निगरानी कराई गई। अमरोहा शहर में सुरक्षा की कमान एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह, सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने संभाली। जामा मस्जिद के बाहर दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। उधर, डीएम-एसपी जिले में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। दोपहर में सभी स्थानों से नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने का इनपुट मिलने पर ही पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने राहत की सांस ली।

# वैशाखी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के खेतान वर्ल्ड स्कूल में 'वैसाखी महोत्सव' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें-मुझे बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से बैसाखी थीम पर एक आकर्षक वृक्ष और पृष्ठभूमि तैयार की गई, जिससे मंच जीवंत हो उठा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को फसलों के महत्व, खेती-किसानी से जुड़े तथ्य तथा बैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पक्षों

**खेतान वर्ल्ड स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

की जानकारी सरल एवं रोचक भाषा में दी गई। इसके अतिरिक्त, बच्चों को निकटवर्ती गुरुद्वारा नाईपुरा ले जाया गया, जहां वहां के ज्ञानी जितेन्द्र सिंह ने बच्चों को बैसाखी का इतिहास, उद्देश्य, तथा सिख धर्म के दस गुरुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि बैसाखी केवल फसल कटाई का पर्व नहीं, बल्कि यह खालसा पंथ की स्थापना का प्रतीक भी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रंजीता रानी ने कहा कि,



बैसाखी हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं से जुड़ने का माध्यम है। बच्चों को इन मूल्यों से परिचित कराना हमारा नैतिक दायित्व है। विद्यालय के चेयरमैन सर्वेन्द्र कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत करके वैसाखी पर्व पर प्रकाश डाला और सभी को बधाई दी।

# मद्द फाउंडेशन ने कराई गरीब बेटियों की शादी

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे बीमार लोगों को इलाज मुहैय्या कराने वाली समाजिक संस्था मदद फाउंडेशन ने अब गरीब बेटियों का निकाह कराने की नई पहल शुरू की है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर के मोहल्ला झंडा शहीद स्थित एक बैंक्वेट हॉल में दो गरीब युवतियों का निकाह बड़ी सादगी के साथ संपन्न कराया गया। इतना ही नहीं मेहमानों को खाना खिलाने के बाद संस्था पदाधिकारियों ने दोनों बेटियों को गृहस्थी से जुड़ा सामान देकर विदा किया। विख्यात आलिमेदीन मुफ्ती अफ्फान मंसूरपूरी की कयादत में मदद फाउंडेशन ने शहर की दो युवतियों का निकाह कराया। आयोजन में दोनों परिवारों से जुड़े 300 लोग शामिल रहे। जिनके लिए बाकायदा खाने का इंतजाम किया गया। मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपूरी ने लोगों से शादियों को आसान बनाने की अपील की। कहा कि ऐसी बहुत सी बेटियां हैं, जिनकी परिवार की आर्थिक तंगी के कारण शादियां नहीं हो पा रही हैं। उन बेटियों को इज्जत के साथ विदा करने की इसी सोच के साथ इस पहल की शुरुआत की गई है। शहर के संभ्रांत लोगों को भी चाहिए कि वह इस नेक काम में आगे आकर हिस्सा लें। इस दौरान सैय्यद असलूब हुसैन जैदी, मोहम्मद रागिब, तंजील हामिद, सैय्यद जुबैर, अनवर फरीदी, मोहम्मद काशिफ, अदनान मसरूर, शारिक अली, गुफरान आबिद, फैजान खान आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली बालाजी की शोभायात्रा

## मनमोहक झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बालाजी जयंती के मौके पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में बालाजी भक्त मंडल की ओर से शुक्रवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में बालाजी के भक्त भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बालाजी मंदिर पर सम्पन्न हुई।

बालाजी जयंती पर शुक्रवार को बालाजी धाम से शोभा यात्रा निकाली गई। फूलों से सजे भव्य रथ पर बालाजी महाराज विराजमान थे। रथ को श्रद्धालु अपने हाथों से खींच रहे थे। श्री राम जानकी मंदिर बालाजी धाम से शुरू हुई रथ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा, तिकोना स्कूल होती हुई देर शाम बालाजी मंदिर पर समाप्त हुई। इसका शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने नारियल फोड़ कर किया। कमेटी की ओर से दोनों का तिलक किया गया। शोभा यात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। छम छम नाचे वीर हनुमाना, यह बाबा का जादू है सिर चढ़कर बोलेगा व सबको बधाई हो बधाई हनुमान जयंती आई है आदि भजन प्रस्तुत किए गए। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को अनेक स्थानों पर जलपान कराया गया। पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इसमें शामिल आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर शिवकुमार वर्मा, अरविंद अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, नवीन वर्मा, सुमित अग्रवाल, भोलेशाह, विनोद अरोड़ा, राघव वर्मा, राहुल अग्रवाल, पारस सिंघल, राकेश अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, महिला अध्यक्ष सिम्मी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सिंपल सिंहल, अनीता वर्मा,सोनिया अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, पूजा, उषा, प्रभा नीति आदि मौजूद थीं

# संविधान का अपमान करने वालों को सिखाएंगे सबक



## पीडीए की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जनता की समस्याओं का समाधान न करने वाली सरकार के खिलाफ पीडीए मजबूती के साथ उभर रहा है।

शुक्रवार को सपा हाई कमान के निर्देश पर प्रदेश सचिव आरिफ अख्तर के आवास पर पीडीए बैठक का आयोजन कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का सकंल्प लिया गया।प्रदेश सचिव आरिफ अखष्तर ने पीडीए की पंचायत में बोलते हुए कहा 2027 में सपा की सरकार बनाने को लेकर पीडीए के तहत पंचायत का आयोजन जिलेभर में किया जा रहा है। इन पंचायतों का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना और वर्तमान सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करना है। बाबा साहेब और उनके संविधान को अपमानित और खारिज करने वालों को हमेशा के लिए सत्ता से हटा दिया जायेगा।इसके साथ ही जो प्रभुत्ववादी और उनके संगी-साथी संविधान की समीक्षा के नाम पर आरक्षण को हटाने, नौकरी में आरक्षण का हक मारने का बार-बार षडयंत्र रचते हैं. उन्हें ही हटा देंगे। इस मौके पर आरिफ अख्तर, बदर कुरैशी, यूसुफ कुरैशी, चौधरी सलीम उद्दीन, शाहनवाज अंसारी, इंशाअल्लाह चौधरी, शकील ठेकेदार, जावेद जरताब, राशिद कुरैशी, शुएब मंसूरी, असद मंसूरी, अमीर मंसूरी, वाजिद इदरीसी, मुद्दु पहलवान, नवल जाटव, अखिलेश जाटव, सिराजु चौधरी, रजा मेंबर, आदि समाजवादी साथी मौजूद रहे।

## माहौल खराब किया तो होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाल हर्षवर्द्धन ने कहा कि अम्बेडकर जयंती पर किसी ने माहौल खराब किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

14 अप्रैल को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनायी जायेगी। इसे लेकर डिडौली कोतवाली हर्षवर्द्धन सिंह ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी से अम्बेडकर जयंती को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने का आह्वान किया। साथ ही चेताया कि यदि किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो वह कार्रवाई के लिए तैयार रहे। इस मौके पर ठाकुर पोपल सिंह, कंचन सिंह, मुखराम सिंह, मकबूल, खालिद, चरन सिंह, मदन वर्मा, महीपाल, मोहसिन, कल्लू, नरेन्द्र जाटव, सचिन, अंकुर, साजिद व मनीष शामिल रहे।

# नामजद सचिव व एपीओ की तलाश में पुलिस ने दी दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन व बहनोई व बहन की सास ग्राम प्रधान गुले आयशा आदि से जुड़े मनरेगा फर्जीवाड़ा प्रकरण में नामजद ब्लॉक क्षेत्र के गांव मोहरकापट्टी निवासी ग्राम पंचायत अधिकारी हुमा परवीन व नगर के मोहल्ला अवंतिकानगर निवासी एपीओ ब्रजभान सिंह की तलाश में डिडौली पुलिस ने दबिश दी, हालांकि आरोपी तो नहीं मिले। बता दें कि इस मनरेगा प्रकरण की गूंज शासन तक पहुंची

**मनरेगा फर्जीवाड़े में दर्ज है मुकदमा**

थी, हालांकि प्रधान पक्ष द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत खातों में आई धनराशि भी वापस कर दी है। इस मामले की विवेचना डिडौली के कोतवाली निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह कर रहे हैं। गुरूवार की शाम को डिडौली पुलिस ने नामजद हुमा परवीन व ब्रजभान सिंह की तलाश में दबिश दी, हालांकि ये दोनों ही नहीं मिल सके। पुलिस लगातार तलाश में जुटी है।

## सामाजिक सुधार के अग्रदूत थे फूले



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की ढ़किया भूड़ शाखा के तत्वाधान में शुक्रवार को महात्मा ज्योबिा फुले की 198 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सभी लोगों ने उनके चित्र पर मार्ल्यापण किया। अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि महात्मा फुले भारत में सामाजिक सुधार के अग्रदूत थे। उन्होंने अपना जीवन जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ने के साथ साथ शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिये समर्पित कर दिया। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिये। कुशल चौधरी ने भी महात्मा फुले के व्यक्तित्व पर रोशनी डालते हुए उनके दिखाए पद्‌चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर श्रीचंद सिंह, डॉ.अंतराम सिंह, जितेन्द्र सिंह, हरी सिंह, गंगासरन सिंह, बुद्धू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सच्चे समाज सुधारक थे ज्योतिबाफूले

## जयंती पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाजपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा ज्योतिबा फुले ने गरीबों और पिछड़ों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए जीवनभर काम किया। उन्होंने शिक्षा को समाज की प्रगति का मूल आधार माना इससे वंचित वर्ग के लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके।

शुक्रवार को नगर के महाराज शूरसेन सैनी पार्क में सैनी समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर महात्मा ज्योतिबा की जयंती मनाई। निवर्तमान चौयरमेन राजेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक थे, उन्होंने महिलाओं, विधवाओं के लिए अनेक आंदोलन किये। उनके नेक कार्य के लिए ही उन्हें आज भी याद किया जाता है। सैनी समाज के युवा अध्यक्ष सौरभ सैनी ने भी समाज के लोगों से अपील की महात्मा ज्योतिबा फुले जी के विचारो का अध्ययन करें व उनके बताएं रास्ते पर चले। कार्यक्रम में सोनू सैनी, सुनील सैनी, सोमवीर सैनी, राजवीर, सुरेश, विनेश, संजीव ,ऋतिक, कुबेर सैनी, अंकित सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## 13 को ब्राह्मण महासभा की बैठक

**हसनपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 13 अप्रैल को राजपूत कालोनी स्थित नगर उपाध्यक्ष पंडित अनुज शर्मा के आवास पर होगी। यह जानकारी नगर महामंत्री पंडित विवेक शर्मा ने दी।

## चेतन भाकियू करतार गुट में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन असली के जिला उपाध्यक्ष चौधरी चेतन सिंह द्वारा भारतीय किसान यूनियन चौधरी करतार सिंह गुट का दामन थाम लिया गया। चौधरी चेतन सिंह ने बताया कि भाकियू असली में किसानों की समस्याओं के निस्तारण करने की आवाज नहीं उठाई जा रही थी। जिसके कारण उन्होंने भाकियू असली को छोड़ दिया और अब वह भाकियू करतार सिंह गुट के बैनर तले किसानों की समस्याये उठाने का काम करेंगे।

## मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों में हुई मारपीट



छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोक थाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ।

अभियान के अन्तर्गत आज दिनाक 11.04.2025 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 163/25 धारा 109/115(2)/118(1)/190/191(2)/191(3)/324(4)/326(f)/351(3)/352 BNS व 7 CL Aबज के वाँछित अभियुक्तगण 1. राशिद पुत्र जफरुद्दीन, 2. शहनबाज पुत्र जफरुद्दीन, 3. शेर मौहम्मद पुत्र नवी अहमद, 4. अखलाख पुत्र सगीर अहमद, 5. आमिर पुत्र नवी अहमद, 6. मुस्लिम पुत्र मुख्तयार निवासीगण ग्राम पुसगंवा थाना वजी. रगंज जनपद बदायूँ को घटना में प्रयुक्त की गयी क्षतिग्रस्त कार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभि0 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:** ग्राम पुसगंवा में कुछ दिन पहले एक शादी समारोह में मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों में खाना खाने को लेकर विवाद हुआ था जो मौके पर शान्त हो गया था। 10.04.2025 को उसी बात की रंजिश रखते हुए कार चालक राशिद पुत्र जफरुद्दीन ने अपने कुछ साथियों के साथ कार से दूसरे पक्ष की मोटरसाइकिलों और व्यक्तियों में टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल में आग लग गई थी और मारपीट की घटना कारित की गई थी।

## घूरा डालने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, पुलिस ने नौ लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव ।** थाना क्षेत्र के गांव करौतिया में फत्तू पुत्र ग्यासुद्दीन का गांव के ही सरजन से घूरा डालने को लेकर झगड़ा हो गया सरजन पक्ष का कहना है ।

कि फत्तू पक्ष की महिलाएं उसकी जगह में जबरदस्ती घूरा डाल रही है इसी बात को लेकर शुक्रवार सुबह दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे जिसमें एक पक्ष के पुत्तन व दूसरे पक्ष के सरजन सहित



तीन आधा दर्जन लोग घायल हो गए पुलिस ने फत्तू पुत्र ग्यासुद्दीन, विकार पुत्र इसरार ,सलमान पुत्र बच्चन ,असगर अली पुत्र वसीरुद्दीन, मईनुद्दीन पुत्र अंसाररुद्दीन ,इन्कार पुत्र मक्खन , दानिश पुत्र जाने आलम ,शोहिल पुत्र शहंशाह ,मुनीर पुत्र मुख्त्यार का शांतिभंग में चालान किया गया मामले की पुलिस जांच कर रही है ।

## इमलिया में गांव वालों ने चकबंदी का किया विरोध



विरोध के कारण वापस लौटी चकबंदी विभाग की टीम

**शैलेस कुमार ,शाह टाइम्स**

**कुंवरगांव।** सालारपुर ब्लाक क्षेत्र का गांव इमलिया में चकबंदी विभाग की टीम को आखिरकार बापस लौटना पड़ा आपको अवगत करा दें कि दरअसल यह गांव धारा 4 के अंतर्गत चकबंदी में आ गया है जिसके अंतर्गत यहां मंगलवार को चकबंदी विभाग की टीम गांव में पहुंची थी टीम द्वारा इस गांव के लोगों को चकबंदी के बारे में बताया उन्होंने चकबंदी के फायदे के बारे में गांव के लोगों को काफी समझाया लेकिन गांव के 95 पर्सेंट लोगों ने चकबंदी का विरोध किया और चकबंदी कराने से साफ मना कर दिया,ग्रामीणों का कहना है। कि चकबंदी होने पर उन्हें काफी परेशानी का समाना करना पड़ेगा,यही कारण है कि गांव के लोग चकबंदी का विरोध कर रहे हैं लगभग पूरा गांव ही चकबंदी नहीं चाहता है ।गांववासियों के द्वारा इस विरोध के कारण आखिरकार चकबंदी विभाग की टीम को गांव से बापस ही लौटना पड़ा । इस मौके पर गाँव के सैकंडों की संख्या में ग्राम बासियो ने चकबंदी का विरोध किया इस दौरान लोकेश बाबू , मुकेश ,सुनील , कमलेश, सोहनपाल ,सिपट्टर , नत्थू, रामदीन , नेकराम , दिनेश कुमार , जितेन्द्र,मोहित ,रवि ,कमला देवी ,वीरावती रिंकू सागर ऋषि पाल बिसंबर दयाल पप्पू ध्रुव सिंह सहित काफी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

## रोडवेज बस संचालित करने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को राष्ट्रवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश सिंह के नेतृत्व में बदायूं जिला अध्यक्ष सुनील कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ बिसौली उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सृजन सिंह को देकर अवगत कराया।

कि जनपद बदायूं की तहसील बिसौली क्षेत्र में दबतोरी व आसफपुर में रेलवे स्टेशन है जहां तक पहुंचने के लिए रोडवेज बस सेवा सुचारू रूप से चालू करने की अति शीघ्र मांग की जाती है तथा मौजूदा हालात में दबतोरी और आसफपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचने का एकमात्र साधन डग्गामार वाहन ही है जिसकी वजह से आए दिन सड़कों पर हादसे होते रहते हैं जिसकी कीमत कभी-कभी आम जनमानस को अपनी जान की कीमत देकर चुकानी पड़ती है ।

वहीं डग्गामार वाहन चालक उत्तर प्रदेश सरकार व परिवहन विभाग को चूना लगाकर चांदी काट रहे हैं तथा परिवहन विभाग के अनदेखी के चलते सड़कों पर नाबालिक बच्चे वैखौफ होकर ई-रिक्शा सहित अन्य वाहनों को वेरोकटोक दौड़ा रहे हैं और पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग की आंखों में धूल झोंक रहे हैं सड़कों पर हादसों का सबब बन रहे हैं वहीं खुद भी हादसों का शिकार हो रहें है। अत: आपसे निवेदन है कि जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर एवं धरातल स्तर पर जांच पड़ताल कर निस्तारण किया जाए। इस मौके पर राष्ट्रवादी पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, महिपाल सिंह, रविंदर, दुर्गपाल, शिवम वह अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## खेल कूद में चयनित छात्र - छात्राओं का सीएचसी पर डॉक्टर ने किया स्वास्थ्य परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** शुक्रवार को ब्लॉक आसफपुर के गांव सीकरी में स्थित श्री पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में खेल कूद के लिए कलस्टर लेवल पर 11 छात्र - छात्राओं को चयनित किया गया। इस बाबत विद्यालय की महिला पी टी आई प्रिया के संरक्षण में विद्यालय में खेल कूद के लिए चयनित छात्र छात्राओं का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर ईशान चौधरी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया । इस दौरान विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका प्रिया ने बताया कि पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय के खेल जगत में उत्साही छात्र छात्राओं का कलस्टर लेवल पर करीब 11 छात्र छात्राओं चयन किया गया है जिसमें चयनित सभी छात्र छात्राओं का मेडिकल परीक्षण करवाना अनिवार्य होता है ।

खेल जगत में चयनित छात्र छात्राओं की टीम अंतर्जनपदीय फिरोजाबाद में 16 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक अपने दो - दो हाथ आजमाएगी। यह जानकारी पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय की महिला व्यायाम शिक्षिका प्रिया ने दी । इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर ईशान चौधरी व व्यायाम शिक्षिका प्रिया ने खेल जगत में चयनित छात्र छात्राओं की टीम को अविरल शुभ - कामनाओं सहित उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## हेड कांस्टेबल से एसआई के पद पर हुआ प्रमोशन



सीओ व कोतवाल ने कंधे पर स्टार लगाकर दी बधाई

**आतिफ निसार जैनू ,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** कोतवाली में तैनात मु. आ. कमल सिंह के उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रमोशन होने पर सीओ कार्यालय सहसवान पर सीओ सहसबान कर्मवीर सिंह व कोतवाल आर .बी. सिंह ने कंधे पर बैज लगाकर दी हार्दिक शुभकामनाएं एवं सभी को मिठाई खिलाई इस दौरान विष्णु दत्ता, मुस्तफा सैफी, राजेश कुमार, कृष्ण अवतार, दीपक, कुलदीप यादव, गौरव कुमार, गिरीश कुमार यदि लोग उपस्थित रहे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की टप्पा हवेली में हुई बैठक

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की गांव फतनपुर टप्पा हवेली में हुई बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहब का जन्मोत्सव मनाए जाने की रुपरेखा तय की गई।

इंद्रपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में डॉ भीमराव अंबेडकर का 134 वां जन्मोत्सव मनाने की योजना बनी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को प्रातः नौ बजे गांव फतनपुर में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर बुद्ध वंदना के साथ माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह फतनपुर टप्पा हवेली से प्रारंभ होकर




डार्लिंग रोड होते हुए बिसौली बस स्टैंड, मुख्य बाजार, कोतवाली, नयागंज चौराहा, शहबाजपुर पुलिस चौकी के बाद प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में संपन्न होगी। यहां डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समिति सदस्य दुर्वेश कुमार, कप्तान सिंह, चरण सिंह, दिनेश कुमार, अनोखेलाल, हरिओम जैन, मोरपाल सिंह, करण सिंह प्रधान, राजेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, अनिल कुमार, बादाम सिंह, सोनू, मोर सिंह आदि मौजूद रहे।

## मेंहदीपुर से पहुंची दिव्य ज्योत, भक्तों ने निकाली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर के मोहल्ला संख्या चार स्थित श्री संकट मोचन दरबार में हर वर्ष बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

जिसको लेकर यहां कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। आज शुक्रवार को दरबार के प्रधान मंहत संजय शर्मा द्वारा मेंहदीपुर बालाजी से दिव्य ज्योत को लाया गया। जिसको लेकर बाबा के भक्तों ने नगर के अंबियापुर चौराहे पर एकत्रित होकर इसकी भव्य यात्रा निकाली। जिसका मुख्य बाजार में जगह-जगह व्यापारियों ने फूलों की वर्षा कर दिव्य ज्योत का भव्य स्वागत किआ।



उक्त यात्रा अंबियापुर से शुरु होकर साहबगंज, थाना मोड़, नगर पालिका बाजार, कटरा बाजार, सर्राफा बाजार होती हुई बालाजी चौक पहुंची। इसके बाद सिरासौल रोड, स्टेट बैंक होती श्री संकट मोचन दरबार पहुंची। महंत संजय शर्मा ने बताया कि जो भी भक्त इस दिव्य ज्योत के दर्शन करता है, उसके सारे काम बनना शुरु हो जाते है। इस यात्रा में भक्त अपनी- अपनी बाइक के साथ शामिल हुए। इसको सफल बनाने में दीपक चौहान, कुसुम शर्मा, शिवांक शर्मा, श्रेया शर्मा, आलोक सक्सेना, देवकी नन्दन, कुलदीप वार्ष्णेय, अनुराग माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, उमेश चंद्र, सौरभ बाबू आदि का विशेष सहयोग रहा।

## कुत्ते से टकराकर बाइक सवार हुआ घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुरादाबाद एमएफ हाईवे मार्ग पर माँ सन्तोषी कोल्डस्टोर गांव रहेडिया के समीप कुत्ते से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक जख्मी हो गये। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से लोगों ने युवक को सीएचसी सैदपुर अस्पताल भेज दिया। सीकरी गेट चन्दौसी निवासी परवेज पुत्र नवी हसन एवं आशिक पुत्र शाकिर हुसैन शुक्रवार की दोपहर बाइक से चन्दौसी से वजीरगंज आ रहा थे। जैसे ही वह गांव रहेडिया के पास पहुंचा अचानक सड़क पर एक कुत्ता आ गया। वह तेज रफ्तार होने को निर्यंत्रित करता। इससे पहले कुत्ते से टकराकर गिर गया। हादसे में परवेज



गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बिना हैलमेट रहे थे बाइक गनीमत रही कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर रहे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुँची पुलिस ने 108 एंबुलेंस कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने उसे सीएचसी सैदपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

## एक नजर

### 25 अप्रैल तक कार्डधारकों को होगा नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 11 अप्रैल जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आवंटित आवश्यक वस्तुयें (गेहूँ,चावल एवं बाजरा) का नि:शुल्क वितरण पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में 11 से 25 अप्रैल 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने इस सम्बंध में आवश्यक वस्तुओं के उठान एवं वितरण हेतु कार्यवाहियॉ किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये है।

उन्होंने बताया कि आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को माह फरवरी व मार्च 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर उपलब्ध अवशेष बाजरा की मात्रा को सम्मिलित करते हुये प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 16 कि0ग्रा0 चावल एवं 05 किलो बाजरा (उपलब्धतानुसार) (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं बाजरा को मिलाकर वितरण स्केल को यथवात (21 कि0ग्रा0 प्रति कार्ड) रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि आच्छादित पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह फरवरी व मार्च 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर उपलब्ध अवशेष बाजरा की मात्रा को सम्मिलित करते हुए बाजरा का वितरण कराया जाना है। जनपद में 01 कि0ग्रा0 बाजरा प्रति यूनिट (उपलब्धतानुसार) चावल के स्थान पर वितरित किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं बाजरा को मिलाकर वितरण स्केल 03 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट तथा गेहूँ का वितरण स्केल 02 किलो प्रति यूनिट रखा जायेगा।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email: mkkhan741@gmail-com

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिला स्वच्छता समिति व जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ग्रामों में स्थापित किए गए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आर0आर0सी0) को एक माह में कम से कम 30 प्रतिशत क्रियाशील करें।

सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर के मानदेय का भुगतान 05 दिनों में करने तथा विकासखंड उझानी के ग्राम पंचायत मलिकपुर में गोबर्धन का निर्माण करने वाली कम्पनी को काली सूची में डालते हुए उनकी सिक्योरिटी को जब्त करने के लिए कहा। जो बी0डी0ओ0 व ए0डी0ओ0 पंचायत कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सचिव जिला स्वच्छता समिति व जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने किए गए कार्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 1037 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 997 ग्राम पंचायतों में आर0आर0सी0 का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। 05 ग्राम पंचायतों में कार्य निर्माणाधीन तथा 26 ग्राम पंचायतों में शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। 09 ग्राम पंचायतों में भूमि चिन्हांकन व उपलब्ध न होने के कारण आर0आर0सी0 निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि अभी तक स्थापित किए गए 997 आर0आर0सी0 में से 48 संचालित हैं। उन्होंने गत 30 नवम्बर को हुई।

बैठक की अनुपालन आख्या भी समिति के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन पोर्टल पर जनपद में 68854 व्यक्तिगत शौचालयों में से 98.1 प्रतिशत की जियो टैगिंग करा दी गई है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस दो के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय के लक्ष्य 49629 के सापेक्ष 49629 को प्रथम किश्त दी जा चुकी है व 47297 को द्वितीय किश्त भी उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 व 2024-25 में ओडीएफ प्लस हेतु चयनित ग्रामों में कराए जाने वाले कार्यों पर किए गए व्यय प्रतिशत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 98.63 प्रतिशत, 2023-24 में 81.69 प्रतिशत तथा 2024-25 में अभी तक 57.93 प्रतिशत ही व्यय हो पाया है। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों व एडीओ पंचायत को व्यय को बढ़ाने के लिए कहा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि विकासखंड उझानी के ग्राम पंचायत मलिकपुर में गोबर्धन का निर्माण करने वाली कम्पनी मैसर्स आनंद बायोटेक लिमिटेड के द्वारा अनुबंध के अनुसार उन्हें जनवरी 25 तक संचालन किया जाना था उन्होंने मात्र अगस्त 24 तक की संचालन किया, जिस पर डीएम ने कम्पनी को काली सूची में डालने व उनकी सिक्योरिटी को जब्त करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रचार प्रसार व अन्य माध्यमों के लिए किए जाने व्यय की भी अनुमति ली गई साथ ही प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 तक जनपद की 1037 ग्राम पंचायतों में से 111 द्वारा ही सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर के मानदेय का भुगतान किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने आगामी 05 दिनों में शेष केयरटेकर्स के मानदेय का भुगतान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी पंचायत, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी व समिति सदस्य मौजूद रहे।

## बिजली के तारों से उठी चिंगारी से गेहूं के लाक में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पिसनहारी मे बिजली के तारों से उठी चिंगारी से गेहूं के लाक मे आग लग गई। ऊँची ऊँची लपटे उठने लगी। सूचना पर किसान आ गए। मुड़िया नगर पंचायत का टैंकर से आग पर काबू पाया गया। आग मे आधा दर्जन किसानों के पंद्रह बीघा खेत का लाक जल गया।

भीषण आग मे मुकेश, दिवाकर, सुरेश, वदन सिंह, नौबत सिंह, हरेंद्र और गिरिराज सिंह का लाक जल गया।

## सहकारिता क्षेत्र में किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: वीरेश तोमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 10 अप्रैल 2025 पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नव नियुक्त जिला कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वीरेश तोमर का जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय परशुराम चौक पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया तथा कार्यकर्ताओं में मिष्ठान बांट कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए नवनियुक्त सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वीरेश तोमर ने कहा की सहका. रिता में किसानों की उपेक्षा और बढ़ते भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अगर किसानों के साथ उत्पीड़न हुआ तो कांग्रेस उनके साथ खड़े होकर लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी। स्वागत सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि आज हाई कमान ने कांग्रेस के बीच के कार्यकर्ता को जिला कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया है तो निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और कार्यकर्ता उत्साहित भी हैं। सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की मुन्ना लाल सागर ने कहा की सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित रूप से कांग्रेस का हस्तक्षेप बढ़ेगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप ने कहा कि हम सभी कांग्रेसजन नव नियुक्त सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वीरेश तोमर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद ने वीरेश तोमर को बधाई देते हुए कहा कि आप कांग्रेस में काफी सालों से जुड़े हैं निश्चित रूप से कांग्रेस कार्यकर्ता को पार्टी सम्मान दिया है वह अत्यंत बधाई के योग्य है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ राम रतन पटेल ने स्वागत करते हुए वीरेश तोमर एक कांग्रेस के मजबूत स्तंभ हैं और आगे आने वाले समय में कांग्रेस सहकारिता



प्रकोष्ठ में नए आयाम पैदा करेंगे। कार्यक्रम में एससी एसटी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया ने वीरेश तोमर को बधाई देते हुए कहा कि हम सब लोग आपके साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। स्वागत सभा का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इगलास हुसैन ने किया ।कार्यक्रम में प्रेमपाल, रामकुमार दिनेश कुमार ,शेर अली, निर्देश कुमार बख्तियारूद्दीन ,जाहिद अली आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर निकलेगी शोभायात्रा, मजिस्ट्रेट नामित

**बदायूं ।** 11 अप्रैल। जिला मजिस्ट्रेट निधि श्रीवास्तव ने बताया कि 14 अप्रैल 2025 को डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती पर शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा का डॉ० अम्बेडकर पार्क से लावेला चौक से प्रारम्भ होकर दिनेश चौक, रजी चौक, जफा की कोठी, शहवाजपुर, टिकटगंज चौराहा, हरश्यामलाल ज्वैलर्स के सामने से शास्त्री चौक, मालवीयगंज, खैराती चौक, नेहरू चौक, गोपी चौक, लोटनपुरा तिराहा, प्रकाश टाकीज, जोगीपुरा, गुरुद्वारा, छ:सड़का तोताराम मार्केट होती हुई गांधी ग्राउन्ड पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा व कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारीगण व मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है जिसमें सुरेश कुमार पाल, नगर मजिस्ट्रेट, बदायूँ मो0 नं0 9454415832 को शोभायात्रा के आगे, दीपक कुमार, तहसीलदार सदर बदायूँ आदि रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत उदयपुर जागीर वि.ख. शाहबाद जिला रामपुर

पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-11/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उदयपुर जागीर विकास खण्ड शाहबाद जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 15/04/2025 से 22/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 23/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी.पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्बिंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ............... | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री अकील खॉ ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत उदयपुर जागीर**
**विकास खण्ड शाहबाद ( रामपुर )**

**( श्री एनोज एन्थोनी सचिव )**
**ग्राम पंचायत उदयपुर जागीर**
**विकास खण्ड शाहबाद ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नरेन्द्रपुर विकास खण्ड शाहबाद जिला रामपुर

पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-11/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरेन्द्रपुर विकास खण्ड शाहबाद जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 15/04/2025 से 22/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 23/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी.पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्बिंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ............... | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती ममता ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नरेन्द्रपुर**
**विकास खण्ड शाहबाद ( रामपुर )**

**( श्री त्रिवेन्द्र मोहन सचिव )**
**ग्राम पंचायत नरेन्द्रपुर**
**विकास खण्ड शाहबाद ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गदमर पट्टी मोती सिंह वि.ख. शाहबाद जिला रामपुर

पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-11/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गदमर पट्टी मोती सिंह विकास खण्ड शाहबाद जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 15/04/2025 से 22/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 23/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी.पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2025 में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अब तक पांच में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। ये दोनों मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए थे, जो कि आरसीबी का घरेलू मैदान है। आरसीबी का अपने घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड कभी अच्छा नहीं रहा है और आंकड़े इसकी गवाही है। बेंगलुरु की टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 93 मैच खेले हैं और उसमें से सिर्फ 43 जीते हैं, जबकि 45 में टीम को हार मिली है। एक मैच टाई रहा और चार का कोई नतीजा नहीं निकला। अब आरसीबी के मेंटर दिनेश कार्तिक ने घरेलू मैदान की ही पिच पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी ईडन गार्डेन्स की पिच पर सवाल खड़े किए थे। कार्तिक ने कहा कि टीम मैनेजमेंट इस मामले में जल्द ही क्यूरेटर से बात करेगा। मौजूदा सत्र में आरसीबी के बल्लेबाज पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। हालांकि, उन्होंने जिसके खिलाफ खेला, उसके बल्लेबाज जरूर अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आरसीबी की टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए। कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलना चाहिए था। यहां की पिच पर आमतौर पर बड़े स्कोर बनते रहे हैं। कार्तिक ने कहा कि पहले दो मैच में हमने अच्छी पिच तैयार करने के लिए कहा था, लेकिन हमें इस तरह की पिच मिली जिस पर बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। हमने परिस्थितियों के मुताबिक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, लेकिन हमें क्यूरेटर से बात करनी होगी। हमें पूरा भरोसा है कि वह अपना काम अच्छी तरह से करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों मैचों में ऐसी पिच नहीं थी जिसे बल्लेबाजों को खास मदद मिल रही हो। यह चुनौतीपूर्ण था। अभी तक यहां खेले गए दोनों मैच में हमें एक जैसी पिच ही मिली है।श कार्तिक ने कहा कि टी-20 क्रिकेट में लंबे शाट और चौके-छक्के काफी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट की प्रकृति ऐसी है कि इसमें जितने ज्यादा रन बनेंगे उतना प्रसारक को फायदा होगा और फैंस भी खुश होंगे। वे सभी चौके छक्के देखना चाहते हैं। हम जो कर सकते हैं उसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

# लैनिंग की सहायक कोच, मेंटर के रूप में हुई राष्ट्रीय टीम में वापसी



**लैनिंग अपने नाम वाली टीम के कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा होंगी**

**ब्रिसबेन, वार्ता।** सात बार की विश्व कप विजेता पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग की आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2027 की तैयारियों को लेकर 26 सदस्यीय टीम के लिए सहायक कोच और मेंटर के रूप में राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई हैं। लैनिंग बनाम पेरी श्रृंखला में लैनिंग अपने नाम वाली टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगी, हालांकि वह ब्रिस्बेन के राष्ट्रीय क्रिकेट परिसर के शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों के साथ काम करेंगी। यह समूह अप्रैल के अंत में तीन टी-20 मैचों के लिए एकत्रित होगा, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 2027 टूर्नामेंट की तैयारी शुरू कर रहा है और इस दौरान खिलाड़ी अपने खेल में सुधार करने के लिए ध्यान केंद्रित करने के लिएअलग-अलग सत्रों में भाग लेंगी। इस सीरीज के लिए चयन को वाईएसपी द्वारा राज्य और क्षेत्रीय संघों के सहयोग से नामांकन प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विकास प्रमुख सोन्या थॉम्पसन का मानना है कि लैनिंग का जुड़ना अगली पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीखने और अपने भविष्य को बदलने वाला अवसर है। थॉम्पसन ने कहा कि यह हमारे सर्वश्रेष्ठ उभरते क्रिकेटरों के लिए ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेटरों में से एक से क्रिकेट के गुर सीखने का अविश्वसनीय अवसर है।

# भारतीय कप्तान रोहित सुपरस्टार हैं: क्लार्क



● **कहा: मैं उनके फॉर्म के लिए चिंतित नहीं, आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं राहित शर्मा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में खराब फार्म से जूझ रहे हैं। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि रोहित शर्मा सुपरस्टार है जिन्हें अपनी लय वापिस पाने के लिए महज 40 रन की पारी की जरूरत है।

रोहित ने इस सीजन चार पारियों में सिर्फ 38 रन बनाए हैं। उन्होंने 0, 8, 13 और 17 रन की पारी खेली। क्लार्क ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, रोहित असल सुपरस्टार हैं। वह दिन दूर नहीं जब वह शतक लगाएंगे और जल्द वापसी करेंगे। एक अच्छी पारी की जरूरत है। वह 40 या 60 रन की हो सकती है। एक बार लय हासिल कर ली तो आप उसे बेस्ट फार्म में देखेंगे। मैं उनके फार्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। हमें महान खिलाड़ियों से हमेशा अपेक्षाएं रहती हैं क्योंकि वे इतने कामयाब होते हैं।

लेकिन एक दो मैचों में खराब खेलना चलता है। रो. हित ने मुंबई इंडियंस के लिए 216 मैच खेले रोहित ने आईपीएल 2011 के मेगा आक्शन में इस फेंचाइजी को जाइन किया और तब से इसके साथ जुड़े हुए हैं। पिछले 15 सालों में रोहित ने मुंबई इंडियंस टीम के लिए 216 मैच खेले हैं। इस दौरान दो शतक और 35 अर्द्धशतकों की मदद से 5496 रन बनाए हैं।

रोहित ने अपने आईपीएल करियर में कुल 256 मैच खेले हैं और 6666 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में आईपीएल का खिताब जीता। पिछले साल आईपीएल में रोहित डप्के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और उन्हें आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन से पहले 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया।

# पाक की महिल टीम ने स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराया



**लाहौर, वार्ता।** फातिमा सना (चार विकेट) और सादिया इकबाल (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद मुनीबा अली (71) और आलिया रियाज (नाबाद 68) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने शुक्रवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के चौथे मुकाबले में स्कॉटलैंड को आठ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। बारिश के कारण मैच को 32-32 ओवरों का कर दिया गया था। 187रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 36 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी आलिया रियाज ने मुनीबा अली के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 24वें ओवर में क्लो एबेल ने मुनीबा अली को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मुनीबा अली ने 72 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (71) रन बनाये। इसके बाद कप्तान फतीमा सना (सात) रन बनाकर आउट हुई। आलिया रियाज ने 70 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 68 रन बनाये। पाकिस्तान ने 30-4 ओवर में चार विकेट पर 190 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। स्कॉटलैंड की ओर से क्लो एबेल ने दो विकेट लिए। रेचेल स्लेटर, कैथरीन फेजर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाकिस्तान की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान कैथरीन ब्राइस ने सारा ब्राइस के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सारा ब्राइस (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐल्सा लिस्टर ने 24 गेंदों में (31) रन बनाये। कैथरीन फेजर(11) रन बनाकर आउट हुई। स्कॉटलैंड का नौवां विकेट कैथरीन ब्राइस के रूप में गिरा। उन्होंने फातिमा सना ने बोल्ड आउट किया। ब्राइस ने 96 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (91) की पारी खेली। स्कॉटलैंड की टीम ने बारिश के कारण निर्धारित किए गए 32 ओवरों में नौ विकेट पर 186 रन का स्कोर बनाया।

# धोनी की कप्तानी में सीएसके 103 पर सिमटी



**कोलकाता से नरेन को 3 विकेट, शिवम दुबे ने 31 रन बनाए**

**चेन्नई, वार्ता।** एमएस धोनी की कप्तानी में पहली बार आईपीएल 2025 में खेलने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स 9 विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने चेपाक में होम टीम ने 79 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। शिवम दुबे ने 31 रन बनाकर स्कोर 100 के पार पहुंचाया। कोलकाता ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। टीम से क्विंटन डी काक और सुनील नरेन पिच पर हैं। चेन्नई से खलील अहमद ने पहला ओवर फेंका। सीएसके ने आईपीएल में चेपाक के मैदान पर अपना लोएस्ट स्कोर बनाया। इससे पहले मुंबई के खिलाफ टीम 2019 में 109 रन ही बना सकी थी। सीएसके का किसी भी मैदान पर सबसे छोटा स्कोर 79 है, टीम 2013 में मुंबई के खिलाफ इतने रन ही बना सकी थी। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर्स में अंशुल कम्बोज के साथ 24 रन की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप ने टीम को 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 103 रन तक पहुंचाया। चेन्नई सुपर किंग्स ने 18वें ओवर में 9वां विकेट भी गंवा दिया। वैभव अरोड़ा ने नूर अहमद को ओवर की दूसरी बाल पर कैच कराया। नूर 1 ही रन बना सके। 16वें ओवर में चेन्नई ने 8वां विकेट भी गंवा दिया।

सुनील नरेन ने एमएस धोनी को पगबाधा आऊट किया। धोनी 1 ही रन बना सके। चेन्नई ने 15वें ओवर में इम्पैक्ट प्लेयर दीपक हुड्डा का विकेट भी गंवा दिया। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें मिड विकेट पर कैच कराया। हुड्डा खाता भी नहीं खोल सके। 14वें ओवर में सुनील नरेन ने रवींद्र जडेजा को काट बिहाइंड कराया। जडेजा 2 गेंदें खेलने के बाद भी खाता भी नहीं खोल सके। चेन्नई सुपर किंग्स ने 13वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। हर्षित राणा ने रविचंद्रन अश्विन को कैच आउट कराया। 11वें ओवर की आखिरी बाल पर सुनील नरेन ने राहुल त्रिपाठी को बोल्ड कर दिया। त्रिपाठी 22 गेंद पर 16 ही रन बना सके। चेन्नई ने 10वें ओवर में तीसरा विकेट गंवाया। वरुण चक्रवर्ती ने ओवर की चौथी बाल पर विजय शंकर को मोईन अली के हाथों कैच कराया। शंकर ने 29 रन बनाए। पारी के आठवें ओवर में विजय शंकर को दूसरा जीवनदान मिला। हर्षित राणा के ओवर की दूसरी बाल पर विजय शंकर ने लेग साइड की ओर शाट खेला। यहां खड़े वेंकटेश अ"यर कैच के लिए आगे आए, लेकिन उन्हें बाल नहीं दिखी और कैच छूट गया। विजय शंकर इस समय 20 रन बल्लेबाजी कर रहे थे। राहुल त्रिपाठी और विजय शंकर ने चेन्नई की फिफ्टी पूरी कराई। चेन्नई सुपर किंग्स ने 8वें ओवर में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। टीम से राहुल त्रिपाठी ने चौका लगाकर स्कोर 50 तक पहुंचाया। उनके साथ विजय शंकर भी पिच पर मौजूद रहे। चेन्नई की पारी के पांचवें ओवर में सुनील नरेन ने विजय शंकर को जीवनदान मिला। हर्षित राणा के ओवर की तीसरी बाल पर शंकर ने सामने की तरफ शाट खेला।

# साहब: हल्का दरोगा बना रहा है समझौता करने का दबाव

■ दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एक विवाहिता को उसके ससुरालियों ने दहेज के लिए तरह-तरह से प्रताड़ित किया, बाद में उन्होंने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए जब उसने पुलिस को तहरीर दी तो हल्का दरोगा ने उसपर ससुरालियों से फैसला करने का दबाव बनाया, और फैसला न करने पर जेल भेजने तक की धमकी दे दी। घटना की रिपोर्ट विवाहिता की ओर से थाना नवाबगंज में लिखायी गयी है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सेड़ा की पूजा का विवाह तीन साल पहले नवाबगंज थाना क्षेत्र के ईंधजागीर गांव के अर्जुन के साथ हुआ था। विवाह के बाद उसने एक बेटी पायल को जन्म दिया। लेकिन कुछ दिनों बाद ही उसकी बेटी की मौत हो गयी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। लेकिन बेटी की मौत के बाद पति अर्जुन, ससुर महेन्द्रपाल, सास छोटी, ननद ज्योति उसे दहेज के लिए और अधिक प्रताड़ित करने लगे। दो जनवरी को पति ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसके माता-पिता ससुरालियों को समझाने गए तो उन्होंने उन्हे भी धमका कर वहां से भगा दिया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उसने दो अप्रैल को थाना नवाबगंज में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। तब उसने पांच अप्रैल को सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपनी शिकायत दर्ज करायी। जिसपर सात अप्रैल को थाने के दरोगा विजेन्द्र सिंह ने उसे फोन कर थाने बुलाया, वह अपनी दादी के साथ थाने पहुंची तो वह उसपर ससुरालियों से फैसला कर ससुराल जाने का दबाव बनाया गया, साथ ही फैसला न करने पर उसे जेल भेजने की धमकी दी गई, जिससे परेशान होकर विवाहिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। घटना की रिपोर्ट एसएसपी के आदेशों पर पूजा की ओर से अपने पति और ससुरालियों के खिलाफ थाना नवाबगंज में लिखाई गई है। पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

## छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि उसका 12वीं का पेपर छूट गया इससे अवसाद में था। सनसिटी नॉर्थ सिटी कॉलोनी निवासी शिवम ने इस साल 12वीं की परीक्षा दी थी। कुछ समय से गहरे तनाव में था। बुधवार की शाम वह कमरे में गया और रात तक बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज लगाई। अंदर से कोई हलचल नहीं हुई तो दरवाजा तोड़ दिया। शिवम का शव पंखे के कुंडे से चादर के सहारे लटका था। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही छात्र का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी। शिवम के पिता एयरपोर्ट विभाग से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में एक निजी बैंक में कार्यरत हैं। परिजनों का कहना है कि शिवम का पेपर छूट गया था इसलिए सदमे में था।

# जनपद में स्थापित होगा ई-चार्जिंग स्टेशन

■ डीएम ने पीपीपी मॉडल आधारित सैटेलाइट बस स्टेशन परियोजना के क्रियान्वयन के संबध में अधिकारियों के साथ की बैठक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शुक्रवार को डीएम रविंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उच्च प्राथमिकता प्राप्त पीपीपी मॉडल आधारित सैटेलाइट बस स्टेशन परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

सेटेलाइट बस स्टेशन का निर्माण पी पी पी पद्धति पर 20164 वर्ग मीटर भूमि पर 137 करोड़ की लागत से किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन आर्मी एरिया के निकट स्थित सेटेलाइट बस स्टेशन का निर्माण 15 मीटर से ज्यादा ऊंचाई का नहीं किया जा सकता, उक्त के संदर्भ में डीएम ने नगर निगम, निर्माण एजेंसी, विकास प्राधिकरण व रोडवेज के अधिकारियो के साथ वार्ता की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए गए कि बरेली विकास प्राधिकरण को पत्र लिखकर आज ही यह जानकारी लिखित में प्राप्त की जाये कि प्रस्तावित भूमि का फ्लोर एरिया रेशयो क्या है, और तदानुरूप एक सप्ताह के अंदर कार्य योजना बनाकर उपलब्ध कराये, जिसे आर्मी हेडक्वाटर को एनओसी हेतु भेजा जायेगा।

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा जानकारी दी कि जनपद में ई चार्जिंग स्टेशन बनाया जाना है, उक्त हेतु विकास प्राधिकरण को पूर्व में चौबारी में दी गयी भूमि यदि नगर निगम को वापस मिल जाये तो उस पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जा सकता है, जिस पर वी.सी. बरेली विकास प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करो आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, एआरएम रोडवेज, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, बरेली विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने तीन स्मैक तस्करों को दबोच कर भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन स्मैक तस्करों को पकड़ा है। पकड़े गए तीनों स्मैक तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उन्हें थाने ले आई। इस मामले में पुलिस ने स्मैक तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

पुलिस ने केसर इंटर कॉलेज के ग्राउंड के पास से जीशान पुत्र मो0 असलम व जाकीउद्दीन निवासीगण विलाल मुस्तफा मस्जिद के पास उजाला नगर थाना वनभूलपुरा हल्द्वानी जिला नैनीताल को पकड़ा है। तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनों के पास से 21 ग्राम स्मैक, 560/-रुपये और दो मोबाइल बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने ग्राम मुरारपुर मोड़ के पास से 15 ग्राम स्मैक के साथ नसीर उर्फ कल्लू पुत्र सगीर निवासी ग्राम जोखनपुर थाना बहेड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

## खड़ी ट्रॉली के टायर चुरा ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के हल्का नम्बर चार बसुधरन जागीर निवासी सविर अली पुत्र सिकंद शाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार की रात उनकी खाली ट्रॉली गांव में ही ईंट भट्ठा के पास लगे धर्म कांटे के पास खड़ी थी। जहां कुछ और भी ट्रालियां खड़ी रहती हैं। आरोप है कि मंगलवार को ट्रॉली के पास एक ट्रक जिसे गुंध गुलड़िया का चालक कृष्ण पाल पुत्र सूरज पाल चलाता है, ने ट्रॉली के पास में ही अपने ट्रक में भूसा भरा था। आरोप है कि भूसा भरने वालों ने ही ट्रॉली के टायर चोरी कर लिए हैं। चोर ट्रॉली के टायर चोरी करने के बाद जग ट्रॉली के नीचे ही लगा छोड़ गए हैं। जब साबिर अली सुबह अपनी ट्रॉली देखने पहुंचे तो उन्हें पता चला ट्रॉली के एक तरफ के टायर चोरी हो चुके हैं। सबिर अली ने ट्रॉली के टायर चोरी करने वाले के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया मामले की जांच कर रही है।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने रखी वरिष्ठ लिपिक को हटाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभासदों ने पालि. का परिषद में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक को उसके पटल से हटाने की मांग की। सभासद उसे पटल से हटाने की मांग पर अड़ गए। जिसपर चेयरमैन ने उसे कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

शुक्रवार को हुई नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में सभासद नगर पालिका परिषद में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल को उसके पटल से हटाए जाने की मांग पर अड़ गए। उनका आरोप था कि वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल सभासदों व जनता के साथ अभद्रता करता है। उसने एक दलित सभासद की चमड़ी उधेड़ने की भी बात कही थी। उसके अभद्रता करते हुए आडियो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो चुकी है। इसके साथ ही उसपर अभिलेखों को गायब करने की भी प्राथमिकी दर्ज है। नाराज सभासद अनुज पाठक, रामनिवास, अजय गंगवार, राम नरायन गंगवार, राम प्रकाश गंगवार, अरविंद कुमार, मंजू गुप्ता, रेशमा, विजय शर्मा, दश्वेश्वर सिंह, इरशाद अहमद, खुर्शीद अहमद ने बैठक में मौजूद सांसद छत्रपाल गंगवार को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। जिसपर सांसद श्री गंगवार ने चेयरमैन प्रेमलता राठौर और ईओ शशि प्रभा चौधरी से कार्रवाई को कहा। मामले को गम्भीरता से लेते हुए चेयरमैन और ईओ ने वरिष्ठ लिपिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर उससे जवाब तलब किया है। इससे पहले विधायक डॉ० एमपी आर्य, चेयरमैन प्रेमलता राठौर और उनके पति भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरेन्द्र सिंह राठौर ने बैठक में शामिल हुए सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।

## डीएम ने रेलवे प्रशासन की तालाबनुमा भूमि का किया निरीक्षण, माप लेआउट के माध्यम से ली जानकारी

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नगर पालिका पीलीभीत क्षेत्रान्तर्गत रेलवे प्रशासन द्वारा तालाबनुमा भूमि के पटान को देखा। निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि के सम्बन्ध मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर/प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड नम्बर 9 बल्लभ नगर, हनुमान मंदिर गली आदि मोहल्लों के 400 घरों का पानी रेलवे स्टेशन की भूमि तालाबनुमा होने के कारण निकासी जाती रही। इस दौरान उन्होंने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा बिना नगर पालिका को सूचना दिए बगैर भूमि का पटान शुरू कर दिया, जिससे लगभग तीन हजार लोगों के घर से जल निकासी अवरोध उत्पन्न हो गया। जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों को आवश्स्त करते हुये कहा कि रेलवे विभाग से वार्ता कर जल्द से जल्द पानी निकासी हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बैनहर गुरुकुल में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी का त्यौहार

**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल टनकपुर रोड प्रांगण में नन्हे मुन्ने बच्चों ने धूमधाम से बैसाखी महोत्सव मनाया। इस अवसर पर बच्चे रंग बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर विद्यालय आए।कक्षा प्री नर्सरी से केजी तक के बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में बैसाखी से संबंधित कोलाज सामूहिक रूप से तैयार किया, जो अनेकता में एकता का प्रतीक है। सगलरूप कौर, अथर्व दीक्षित, प्रयान, अनिकृत, मरियम, अभिराज, नमरा गुरदक्ष, स्मृति, सानिध्य ,ओशिनप्रीत, गोकुलमोहन, श्रीजा गुप्ता, निलेश, विधि, समर्थ आदि बच्चों ने गेहूं की बालियां हाथो में लेकर अच्छी फसल के लिए ईश्वर का धन्यवाद दिया व नृत्य प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

# जनप्रतिनिधि को फंसाने के लिए महिला ने सीने में कराई थी गोली प्लांट

■ पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कोतवाली पुलिस ने एक बड़े षड्यंत्र का पर्दाफाश किया है। एक महिला ने जनप्रतिनिधि को फंसाने के लिए खुद पर गोली चलवाने की झूठी कहानी रची। पुलिस ने इस मामले में महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।29 मार्च 2025 को कोतवाली थाने में सोनू उर्फ शमोली कौशिक नाम की महिला के गोली लगने की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने जब सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल की जांच की तो मामला संदिग्ध लगा। मेडिकल रिपोर्ट में डॉक्टरों ने चोट को संदिग्ध बताया। न्यायालय में दिए बयान में महिला ने खुद गोली लगने की बात से इनकार किया। जांच में यह भी सामने आया कि इसी महिला ने 2022 में भी तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ झूठा केस दर्ज कराया था। वह केस अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 25 अप्रैल 2025 को है। पुलिस के अनुसार, न्यायालय की कार्रवाई से बचने के लिए महिला ने यह नया षड्यंत्र रचा था। पुलिस के मुताबिक महिला को गोली प्लांट करने की आइडिया जिला अस्पताल के वार्ड बॉय रोहतास ने दिया था। रो. हताश ही महिला के लिए गोली लाकर भी दी थी। वहीं महिला ने सीने में गोली प्लांट करने के लिए कई डॉक्टरों से संपर्क किया था, पर सभी ने साजिश में शामिल होने से इंकार कर दिया था। बाद में झोलाछाप डॉक्टर खान ने 25 सौ रुपये लेकर महिला के सीने में गोली प्लांट कर दी थी। कोतवाली पुलिस ने महिला सहित तीनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# शिक्षा ही सामजिक परिवर्तन का आधार: शिवचरन कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर आज प्रख्यात समाज सुधारक, विच. ारक और लेखक ज्योतिबा फुले की जयंती प्रदेश भर के सपा कार्यालयों पर मनाई गई।

जिसके तहत बरेली सपा कार्यालय पर जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने की, तथा संचालन महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया।इस दौरान सपा नेताओं द्वारा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले 19वीं सदी के एक प्रमुख समाज सुधारक थे। वे जाति व्यवस्था, पितृसत्ता और सामाजिक असमानता के खिलाफ मुखर थे। उनके विचार मुख्य रूप से समाज के शोषित और वंचित वर्ग खासकर दलितों और महिलाओं के उत्थान पर केंद्रित थे, उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए बहुत कार्य किया। उनका मानना था कि महिलाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना समाज के विकास के लिए जरूरी है।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री वाई फुले के साथ मिलकर सन 1848 में पुणे में महिलाओं के लिए देश का पहला विद्यालय शुरू किया जो महिलाओं कि शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रन्तिकारी कदम था, उनकी पत्नी सावित्री बाई इस विद्यालय की पहली शिक्षिका बनीं। महात्मा फुले ने महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की हमेशा वकालत की, तथा विधवा-विवाह जैसे सुधारों का हमेशा समर्थन किया। इस कड़ी में महानगर उपाध्यक्ष गोविंद सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सत्य शोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य जाति और धर्म के नाम पर होने वाले शोषण को समाप्त करना था, वे सभी के लिए समान शिक्षा के पक्षधर थे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, महानगर सचिव धीरज हैप्पी यादव, आदेश गंगवार, सम्राट अनुज मौर्य, डॉ. सत्यदेव ओझा, पंकज शर्मा, जीत प्रकाश शर्मा, अटल ओझा, विसम्भर दयाल शर्मा आदि प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भोजीपुरा पहुंचे दिग्गज नेता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भोजीपुरा विधानसभा में दिव्यनंद आश्रम में सक्रिय सदस्य सम्मेलन जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा की अध्यक्षता

में आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में एमएलसी महाराज सिंह, क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य रजनीश पांडेय एवं शाहज. हांपुर के पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता रहे। कुंवर महाराज सिंह ने अपने विषय भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन का विषय रखते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी सहित असंख्य समर्पित कार्यकरताओं की अहम भूमिका रही है। आगे चलकर 1980 में अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा के उदघोष के साथ भाजपा का उदय हुआ। अपनी पंच निष्ठा, कार्यपद्धति समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा दो सांसदों से बढ़कर आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। 06 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी 45 वर्ष की लो. कतांत्रिक प्रक्रिया वाली देश सहित पूरे विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी होने का गौरव प्राप्त है।

क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य रजनीश पांडेय ने अपने विषय भाजपा का चुनावी एवं संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि आज 45 साल बाद पार्टी केन्द्र के अलावा कई राज्यों में स्वयं सत्ता में है, या अपने सहयोगी दलों के साथ सरकार चला रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा के 13.5 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी को शिखर पर पहँचाया है। आज भाजपा भारत की सबसे प्रभाव शाली राजनी. तिक पार्टी है। इसलिए भाजपा गर्व से दावा करती है कि सदस्यता के हिसाब से वह विश्व की सबसं बड़ी राजनैतिक पार्टी है। पूर्व महानागर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने तीसरे विषय नरेंद्र मोदी के साथ ११वर्षों में विक. सित भारत की यात्रा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत ने विकास के नए आयामो को छुआ है। भाजपा की सरकार में ही हर वर्ग का विकास हो रहा है। सांसद छत्रपाल सिंह गंग. वार ने केंद्र व प्रदेश की योजनाओं व उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास व सुशासन का पर्याय बन चुकी है। जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के अभियानों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और सभी अभियानों को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने सम्मेलन में आये हुए सभी सक्रिय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।संचालन जिला महामंत्री डॉ० निर्भय गुर्जर ने किया। इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहजहांपुर अरुण गुप्ता, क्षेत्रीय कार्य समिति रजनीश पांडे, निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, प्रशांत पटेल, चंचल गंगवार, अभय चौहान, राहुल साहू, जिला मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, नेहा कन्नौजिया, चौयरमैन बुद्धसेन मौर्य, नदीम उल हसन, ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल, भूपेंद्र कुर्मी, मुकेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष राहुल राठी, वेद प्रकाश, नंदराम, राजेश मिश्रा, महिपाल गंगवार, आर के कश्यप, सतपाल शर्मा, नाथूलाल मौर्य, जय देव मौर्य, रामप्रकाश गंगवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 सेमीखेड़ा (बरेली)**

पत्रांकः-18 /सी/क्रय/2025-26 दिनांकः-11.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

सत्र 2025-26 हेतु इस चीनी मिल में सामग्री-उपकरण आपूर्ति, विभिन्न कार्यपूर्ति एवं सामग्री विक्रय हेतु इच्छुक/अनुभवी निविदादाताओं से ई-निविदायें दि० 15.04.2025 से पेराई सत्र की समाप्ति तक निर्धारित सारणी/समय-समय पर आमत्रिंत की जायेगी, जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in तथा upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**
किसान सहकारी चीनी मिल लि०
सेमीखेड़ा (बरेली)

## गेहूं खरीद में तेजी लाने के आरएफसी ने दिए निर्देश, गेहूं क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** आरएफसी के ए.मनिकंडन ने पीलीभीत मण्डी में स्थापित खाद्य विभाग, सहकारिता एवं ललौरीखेड़ा में एसडब्लूसी के गेहूँ क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गेहूँ क्रय केन्द्र पर बैनर सहित समस्त व्यवस्थाऐं उपलब्ध पाम्र गम्र। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मण्डी/ललौरीखेड़ा में स्थापित क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केन्द्रों पर वारदाना, कांटा बांट, नमी मापक यंत्र आदि के बारे में सहायक निबन्धक सहकारिता व मण्डी सचिव से जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गेहूँ खरीद के उपरान्त पूर्ण दायित्व है कि गेहूँ का भण्डारण कराना सुनिश्चित करें। केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गेहूँ खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा निर्धारित मानक के अनुरूप गेहूँ की खरीददारी सुनिश्चित की जाय तथा गेहूँ खरीद हेतु किसानो को जागरूक किया जाये जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिल सके एवं किसानों का भुगतान उनके खाते में भेजा जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गेहूँ खरीद में तेजी लाये। उन्होंने केन्द्रों पर किसानों को बैठने हेतु, पेयजल, छाया व्यवस्था सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सहायक निबन्धक सहकारिता, मण्डी सचिव, क्रय केन्द्र प्रभारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वन विभाग की टीम ने फर्नीचर व्यापारी के घर की छापेमारी, प्रतिबंधित लकड़ी जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** वन विभाग की टीम ने एक फर्नीचर व्यापारी के घर पर छापेमारी कर प्रतिबंधित लकड़ी सहित भारी मात्रा में अधबना फर्नीचर जब्त किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।सूत्रों के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि व्यापारी द्वारा अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ी का उपयोग कर फर्नीचर का निर्माण किया जा रहा है। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए व्यापारी के घर पर छापेमारी की और बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित लकड़ी व अधबना फर्नीचर बरामद किया। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर गोटियां में एक फर्नीचर व्यापारी के घर और दुकान में बुधवार को खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ छापेमारी की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शाहदरा विकास खण्ड शाहबाद जिला रामपुर**

पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-11/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहदरा विकास खण्ड शाहबाद जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्में/आपूर्तिकर्ता दिनांक 15/04/2025 से 22/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 23/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ............... | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती रेशमा ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत शाहदरा**
**विकास खण्ड शाहबाद ( रामपुर )**

**( श्री एनोज एन्थोनी सचिव )**
**ग्राम पंचायत शाहदरा**
**विकास खण्ड शाहबाद ( रामपुर )**

125 % के जवाब में 125 % के साथ अमेरिका-चीन के बीच और बढ़ी तल्खी

# अमेरिका का टैरिफ युद्ध और विकराल हुई स्थिति



**लंदन/बीजिंग।** चीन के अमेरिका पर जवाबी कर 84 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत करने के बाद शुक्रवार सुबह यूरोप के शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर रहा है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध में नवीनतम घटनाक्रम है। उसने कहा कि उच्च आयात शुल्क शनिवार से प्रभावी होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, अमेरिका के चीन पर असामान्य रूप से उच्च टैरिफ को बारी-बारी से बढ़ाना एक संख्या का खेल बन गया है, जिसका कोई व्यावहारिक आर्थिक महत्व नहीं है और यह विश्व अर्थव्यवस्था के इतिहास में एक मजाक बन जाएगा। प्रवक्ता ने कहा, यदि अमेरिका चीन के हितों का पर्याप्त रूप से उल्लंघन करना जारी रखने पर जोर देता है, तो चीन दृढ़ता से इसका मुकाबला करेगा और अंत तक लड़ेगा। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस व्यापार युद्ध पर अपनी पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया में दो-टूक अंदाज़ अपनाते हुए कहा कि उनका देश किसी से नहीं डरता। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप का बेंचमार्क स्टॉक्स 600 इंडेक्स बढ़त के साथ खुला, लेकिन सुबह 4:40 बजे तक 0.9 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था, जबकि फ्रांस का सीएसी 40 इंडेक्स और जर्मनी का डीएएक्स इंडेक्स क्रमशः 0.9 प्रतिशत और 1.2 प्रतिशत नीचे थे। लंदन का एफटीएसई 100, 0.2 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए कुल आयात शुल्क अब 145 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। हालांकि, ट्रम्प ने बुधवार को अपने एलान में फेंटानिल (एक मादक पदार्थ) के उत्पादन में चीन की भूमिका को लेकर 20 प्रतिशत आयात शुल्क को शामिल नहीं किया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने अमेरिकी आयात शुल्क को लेकर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में एक और शिकायत दर्ज कराई है। चीन के मिशन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 10 अप्रैल को, अमेरिका ने कार्यकारी आदेश जारी किया, जिसमें चीनी उत्पादों पर तथाकथित पारस्परिक आयात शुल्क में और वृद्धि की घोषणा की गई। चीन ने अमेरिका के नवीनतम आयात शुल्क

## आयात शुल्क से दक्षिण कोरियाई अर्थव्यवस्था डगमगाई

**सोल।** दक्षिण कोरिया के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका की ओर से आयात शुल्क लगाए जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव और ज्यादा बढ़ गया है। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट ग्रीन बुक में कहा कि हाल ही में अमेरिका की ओर से आयात शुल्क लगाए जाने के कारण वैश्विक व्यापार का माहौल खराब हुआ है, जिससे एशियाई अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक दबाव बढ़ गया है।

मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरियाई अर्थव्यवस्था को हाल ही में खपत और निर्माण निवेश में देरी के साथ-साथ रोजगार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आयात शुल्क के चलते वैश्विक व्यापार वातावरण और अधिक अस्थिर हो गया है, जिससे वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ा है और वैश्विक व्यापार और विकास की गति धीमी पड़ी है। उल्लेखनीय है कि मार्च में निर्यात में सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि दैनिक औसत निर्यात में 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। फरवरी 2024 में खुदरा बिक्री, जो निजी उपभोग को दर्शाती है, में पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई।निर्माण निवेश में भी उसी महीने 21.0 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई। मार्च में रोजगार के आंकड़े में कुछ सुधार देखने को मिला, जहां एक साल पहले की तुलना में 1,93,000 नई नौकरियां जुड़ी, जो फरवरी में 1,36,000 की तुलना में तेज वृद्धि है। उपभोक्ता कीमतों में भी मार्च में सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी में 2.0 प्रतिशत थी।

## चीन में 2 टेस्ला मॉडल की बिक्री पर रोक

**वाशिंगटन/बीजिंग।** अरबपति अमेरिकी बिजनेसमैन और ट्रम्प प्रशासन में उनके सहयोगी एलन मस्क ने चीन में टेस्ला कार के दो मॉडल की बिक्री रोक दी है। चीन के अमेरिकी सामानों पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बीच यह फैसला लिया गया है। ये दोनों मॉडल प्रीमियम कारों के हैं।

ये दोनों मॉडल अमेरिका के कैलिफोर्निया प्लांट में बनते हैं। चीन में टेस्ला की वेबसाइट ने शुक्रवार को दोनों ही मॉडल के लिए आर्डर का ऑप्शन हटा दिया है। हालांकि कंपनी ने आधिकारिक तौर पर इसकी वजह नहीं बताई है। अमेरिकी सामानों पर चीन को टैरिफ को ही इसकी वजह माना जा रहा है।

## बंगलादेश में दिसंबर तक कराए जा सकते हैं चुनाव

**ढाका।** बंगलादेश चुनाव का चुनाव आयोग देश में आम चुनाव दिसम्बर तक कराने की तैयारी कर रहा है और आयोग एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि चुनाव का कार्यक्रम सरकार की सहमति के साथ तय किया जाएगा। यह जानकारी आयोग के एक आला अधिकारी ने दी है।

बंगलादेश मीडिया की रिपोर्टो में चुनाव आयुक्त आयुक्त मोहम्मद अनवारुल इस्लाम सरकार के हवाले से कहा गया है कि आयोग दिसंबर में आम चुनाव कराने का विचार कर रहा है। इसके लिए मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि सरकार ने नरसिगडी में उपायुक्त-कार्यालय में मतदाता सूची अद्यतन करने के संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में पिछले दिनों कहा कि चुनाव के लिए हमारी तैयारियों के तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम पूरा होने वाला है। बिजनेस स्टैंडर्ड बंगलादेश के अनुसार, चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी स्थानीय, संसदीय और राष्ट्रपति पद के चुनाव आयोजित करना है। चुनाव आयुक्त ने अपनी टिप्पणियों की व्याख्या करते हुए कहा, राष्ट्रीय संसद चुनाव कराना अनिवार्य रूप से हमारी प्राथमिकता है।

# हेलीकॉप्टर हादसा: सीमेंस सीईओ का परिवार खत्म

### बीच हवा में हेलीकॉप्टर के हुए दो टुकड़े

**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयार्क में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर हडसन नदी में क्रैश हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में बैठे सभी 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें इंजीनियरिंग कंपनी सीमेंस के सीईओ आगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्स कैंपरुबी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 4, 5 और 11 साल थी। ये परिवार स्पेन का रहने वाला था। उनके साथ हेलीकॉप्टर का 36 साल का पायलट भी मारा गया। पायलट के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

न्यूयार्क सिटी के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे से ठीक पहले बेल 206 एयरक्राफ्ट दो टुकड़ों में टूट गया था। उसकी टेल और रोटर ब्लेड बाडी से अलग हो गए थे। इमरजेंसी क्रू ने नदी से सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। उनमें से चार को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ा।



## न्यूयॉर्क शहर में भी हुआ हादसा, 6 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मैनहट्टन में पियर 40 के पास हडसन नदी में गुरुवार दोपहर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग की आयुक्त जेसिका टिश के अनुसार, इसमें एक पायलट, दो वयस्क और तीन बच्चे शामिल थे। उन्होंने कहा कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य अस्पताल में जीवित नही बच पाए। बताया गया है कि पांचों यात्री स्पेन के पर्यटक थे। टिश के अनुसार जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज पर न्यू जर्सी तटरेखा के साथ आगे बढ़ने के लिए मुड़ने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर ने नियंत्रण खो दिया। दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हेलिकॉप्टर, बेल 206, वाणिज्यिक और सरकारी विमानन में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला मॉडल है, जो स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:15 बजे के आसपास दो भागों में विभाजित हो गया।

# कटरा से कश्मीर के लिए रेल लिंक खोलने की तैयारी

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में ऊधमपुर नगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के उद्घाटन की तैयारियां पूरी हो गई हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र 19 अप्रैल को मोदी दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा माता वैष्णो देवी कटरा से नगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेल. पुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी पुल पर पहुंच कर उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से नगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि जिस समय प्रधानमंत्री कटरा से नगर से लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे। उसी समय नगर से कटरा के लिए दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस भी रवाना होगी। इस तरह से कश्मीर घाटी से जम्मू एवं शेष भारत के साथ रेल संपर्क बहाल हो जाएगा। यह जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। सूत्रों ने कहा कि शुरुआत में 20 अप्रैल से वंदे भारत एक्सप्रेस की दो सेवाएं सप्ताह में पांच दिनों तक और सप्ताह के बाकी दो दिन एक एक सेवाएं चलेगी। आगे चल कर दो रैक के माध्यम से तीन सेवाएं भी की जा सकती हैं। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में कटरा के दूसरी ओर बारामूला से संगलदान तक रोज़ाना 23 रेल सेवाएं संचालित होती हैं जिनसे रोज़ाना 15 हजार यात्री सफ़र करते हैं। कटरा से कश्मीर की सीधी कनेक्टविटी खुलने ए संख्या 25 हजार तक हो जाने की संभावना है। वर्तमान में सर्वाधिक यात्री बानिहाल से नगर के बीच यात्रा करते हैं। बारामूला, सोपोर एवं अनंतनाग ऐसे स्टेशन हैं जहां से प्रतिदिन 1000 से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है। अनंतनाग स्टेशन से पर्यटक पहलगाम जाते हैं और हर साल आषाढ़ एवं श्रावण मास में होने वाली अमरनाथ यात्रा भी पहलगाम होकर जाती है। इसलिए अमरनाथ के तीर्थयात्रियों के लिए भी अनंतनाग महत्वपूर्ण स्टेशन है।

सूत्रों के अनुसार यूएसबीआरएल परियोजना में चिनाब पुल को भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग में सबसे अहम मील का पत्थर माना जाता है। चिनाब पुल की नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर होगी। फ्रांस की राजधानी पेरिस के मशहूर एफिल टॉवर की ऊंचाई 324 मीटर है। जबकि कुतुबमीनार की ऊंचाई 73 मीटर है। इसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से करीब 35 मीटर अधिक होगी। विश्व का दूसरा सबसे ऊंचा रेलपुल चीन के बेईपैन नदी पर बना शुईबाई रेलवे पुल है जिसकी ऊंचाई 275 मीटर है।

## फिट इंडिया अभियान का नेतृत्व करें डाक्टर: मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि डॉक्टरों को स्वास्थ्य और निवारक देखभाल को बढ़ावा देकर फिट इंडिया अभियान का नेतृत्व करना चाहिए। मांडविया ने शुक्रवार को फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के दूसरे स्नातक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में स्वास्थ्य पेशेवरों बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। समर्पण, नैतिक व्यवहार और समुदाय की सेवा की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जुनून और ईमानदारी के साथ अपनी यात्रा जारी रखनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज एक स्वस्थ राष्ट्र की नीव है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर फिट इंडिया अभियान के पथप्रदर्शक हैं, जो जनता के बीच स्वास्थ्य, निवारक देखभाल और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने नए डॉक्टरों से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में सेवा करने, जमीनी हकीकत को समझने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि स्वास्थ्य सेवा सुलभ, सस्ती और नैतिक बनी रहे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का दृष्टिकोण केवल प्रधानमंत्री का केवल सपना नही है बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का साझा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परामर्श और बचाया गया प्रत्येक जीवन राष्ट्रीय उत्पादकता और प्रगति में योगदान देता है। समारोह में मांडविया ने वर्ष 2016, 2017, 2018 और 2019 बैच के 100-100 छात्रों और 47 स्नातकोत्तर छात्रों के कुल 447 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्रदान की।

## ऑस्ट्रेलिया में आगामी सर्दी का मौसम, गर्म रहने के आसार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में आगामी सर्दी का मौसम पिछले वर्षों के मुकाबले बेहद गर्म होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) की ओर से जारी अपडेट के अनुसार इस बार सर्दियों में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है जिससे विभिन्न क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और बढ़ सकते हैं। इसके अलावा मई और जुलाई के बीच ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर हिस्सों में औसत से अधिक-अधिकतम तापमान का अनुमान है।

इसी अवधि में पूरे ऑस्ट्रेलिया में न्यूनतम तापमान औसत से अधिक या बहुत अधिक रहने के आसार हैं। अपडेट के मुताबिक, विशेष रूप से पश्चिमी और दक्षिणी भागों में रातें गर्म होने के आसार हैं। ऑस्ट्रेलिया में सर्दी जून की शुरुआत से लेकर अगस्त के अंत तक होती है। देश ने 2023-2024 में अपनी दो सबसे गर्म सर्दियां दर्ज की, जिसमें 2023 में औसत तापमान 1961-1990 के औसत से 1.54 डिग्री से. अधिक और 2024 में औसत से 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

# टेक्सास विवि: 118 विदेशी छात्रों की कानूनी स्थिति रद्द

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के विश्वविद्यालयों में कम से कम 118 विदेशी छात्रों की कानूनी स्थिति रद्द कर दी गई है। टेक्सास ट्रिब्यून की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन छात्रों को हाल ही में सूचित किया गया था कि उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं या उनके आव्रजन की स्थिति को छात्र और विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली में समाप्त कर दिया गया है, जिसे एसईवीआईएस संघीय डेटाबेस के रूप में जाना जाता है।

यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि नॉर्थ टेक्सास विश्वविद्यालय में कम से कम 27 छात्रों और अर्लिंग्टन में टेक्सास विश्वविद्यालय (यूटी) में 27 अन्य छात्रों को सीईवीआईएस से हटा दिया गया है। स्थानीय मीडिया आउटलेट केएफओएक्स 14 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूटी-एल पासो के 10 छात्रों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित विश्वविद्यालयों में यूटी-डलास, टेक्सास एएंडएम, यूटी-रियो ग्रांडे, टेक्सास महिला विश्वविद्यालय और टेक्सास टेक भी शामिल हैं। एक आव्रजन वकील फिलिप रोड्रिगेज ने टेक्सास ट्रिब्यून को बताया कि जिन छात्रों को एसईवीआईएस से हटा दिया जाता है, वे छोड़ने या अपनी स्थिति को बहाल करने के लिए आवेदन करने का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, वीजा रद्द करने के बजाय एसईवीआईएस से छात्रों को हटाने का विकल्प चुनने से अपील प्रक्रिया अधिक कठिन हो जाती है।

एक अन्य आव्रजन वकील रॉबर्ट हॉफमैन ने कहा कि मुझे लगता है कि वे सक्रिय रूप से ऐसा कर रहे हैं कि वे मूल रूप से पढ़ाई जारी नही रख सकते हैं, या किसी तरह के हस्तक्षेप के बिना संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी पढ़ाई जारी रखना बेहद मुश्किल बना रहे हैं।



उन्होंने कहा कि एसईवीआईएस को हटाने से रोजगार योग्यता और जीवनसाथी और बच्चों जैसे आश्रितों की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है, जिनकी संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने की क्षमता प्राथमिक स्थिति धारक पर निर्भर करती है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार ग्रहण करने के बाद से, 12 से अधिक अमेरिकी विश्वविद्यालयों के सैकड़ों अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को एसईवीआईएस से हटा दिया गया है, जिनमें से कई कथित तौर पर पिछले साल फिलिस्तीनी समर्थक कैंपस विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे, और कुछ कथित तौर पर यातायात उल्लंघन जैसे मामूली उल्लंघनों के लिए। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि वह यहूदी विरोधी सामग्री के लिए विदेशी छात्रों के सोशल मीडिया की स्क्रीनिंग शुरू करेगा।

# अफगानिस्तान के शरणार्थियों के निर्वासन की निंदा

**काबुल/क्वेटा।** पाकिस्तान के कई पख्तून राष्ट्रवादी दलों ने अफगानिस्तान के शरणार्थियों के निर्वासन की निंदा की और सरकार से इसे रोकने की मांग की है। बलूचिस्तान के क्वेटा शहर में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए, पार्टियों ने तर्क दिया कि कई प्रवासी पीढ़ियों से पाकिस्तान में रह रहे हैं और नागरिकता अधिनियम के तहत उनके अधिकार हैं और उन्हें सुरक्षा भी दी जा रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, वक्ताओं में अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) के अध्यक्ष असगर खान अचकजई, पख्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के नसरुल्लाह ज़ेरे, नेशनल डेमोक्रेटिक मूवमेंट (एनडीपी) के अहमद जान खान और पख्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) के नूर बाचा शामिल थे। इसे पख्तून समुदाय के लिए अपमानजनक बताते हुए, पार्टियों ने कहा कि पख्तून राष्ट्रवादी पार्टियों ने हमेशा आतंकवाद की निंदा की है। वक्ताओं ने अदालतों के फैसलों का हवाला देकर कहा कि कई शरणार्थी यही जन्मे, पले-बढ़े हैं और अफगानिस्तान से उनका खास संबंध नहीं है। पख्तून नेताओं ने क्वेटा में बैठक कर बलूचिस्तान प्रांत की खराब कानून व्यवस्था की निंदा की। पख्तून नेताओं ने अफगान शरणार्थियों को दोष देना गलत बताया और अली वजीर सहित पख्तून नेताओं के खिलाफ झूठे मामलों की वापसी व लापता लोगों की रिहाई की तथा राजनीतिक हस्तियों को चौथी अनुसूची से हटाने की मांग की। निर्वासन के खिलाफ कार्रवाई की योजना के लिए पांच सदस्ईय समिति बनाई गई है। नेताओं ने बलपूर्वक नीतियों का विरोध कर न्याय और समान अधिकारों को शांति का मार्ग बताया। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने शरणार्थियों के निर्वासन का विरोध किया और इसे रोकने की मांग की। अफगानिस्तान के तालिबान और संयुक्त राष्ट्र ने निर्वासन की निदा करते हुए, पाकिस्तानी अधिकारियों से शरणार्थियों के प्रति नरमी बरतने की अपील की है।

**बलूचिस्तान के क्वेटा शहर में एक संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए, पार्टियों ने तर्क दिया कि कई प्रवासी पीढ़ियों से पाकिस्तान में रह रहे हैं और नागरिकता अधिनियम के तहत उनके अधिकार हैं और उन्हें सुरक्षा भी दी जा रही है।**



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499